36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-36 अंक-84 | रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### मोदी कर्नाटक में करेंगे 22 हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार श्री मोदी बेंगलुरु में लगभग 7160 करोड़ रुपये की लागत की बैंगलोर मेट्रो येलो लाइन का उद्घाटन करेंगे और 15,610 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बैंगलोर मेट्रो चरण-तीन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान वह तीन वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

### चुनाव आयोग पर राहुल के आरोप निराधार : जोशी

**हुबली।** केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की चुनाव आयोग पर की गयी हालिया टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की और उन्हें निराधार तथा गैर-ज़िम्मेदाराना बताया। श्री जोशी ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्री गांधी की टिप्पणियों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है और उनका उद्देश्य जनता को गुमराह करना है। उन्होंने कहा, देश में कानून हैं...बिना किसी आधार के, वह आरोप लगा रहे हैं, और उनके आरोप निराधार, झूठे, अपरिपक्व हैं और उनकी गैर-ज़िम्मेदारी को दर्शाते हैं।

### ट्रंप की दबाव की रणनीति के खिलाफ राष्ट्रहित में मोदी सरकार का समर्थन जरूरी : शरद पवार

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने अमेरिकी शुल्क का हवाला देते हुए शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ''दबाव की रणनीति'' के खिलाफ राष्टीय हित में केंद्र सरकार का समर्थन करने का आह्वान किया। पवार ने नागपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाना दबाव बनाने की रणनीति है। हम भारत के लोगों को देश के हितों की रक्षा के लिए सरकार का समर्थन करना चाहिए।

### मां और सौतेली मां में अंतर गलत, बच्चे के जीवन में भूमिका देखें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इनकार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा- हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने की।

### आज से दौड़ेगी भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र को भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है, जो नागपुर के अजनी और पुणे के बीच चलेगी। इसके अलावा, यह राज्य की 12वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। इस नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को करेंगे। इस ट्रेन का संचालन और रखरखाव मध्य रेलवे (सीआर) ज़ोन द्वारा किया जाएगा। यह वंदे भारत ट्रेन 881 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे यह भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाली ट्रेन बन जाएगी।

### आरएसएस ने पहले 'भारत छोड़ो' आंदोलन और फिर संविधान का विरोध किया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 'भारत छोड़ो' आंदोलन की वर्षगांठ पर शनिवार को दावा किया कि राष्टीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पहले 1942 में इस आंदोलन और फिर कुछ साल बाद संविधान का विरोध किया था। महात्मा गांधी ने 1942 में ब्रिटिश शासन को हटाने का आह्वान करते हुए आंदोलन शुरू किया था, जिसके परिणामस्वरूप औपनिवेशिक शासकों ने कांग्रेस के लगभग पूरे नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया था।

नगरीय प्रशासन विभाग ने नालंदा परिसरों के लिए मंजूर किए हैं 237.58 करोड़

# युवाओं के सपनों को लगेंगे पर बनेंगे 34 नए नालंदा परिसर

### सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर बलरामपुर, पेंड्रा जैसे दूरस्थ शहरों में भी खुलेंगी सेंट्रल लाइब्रेरी

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के सपनों को पर देने 34 नए नालंदा परिसर बना रही है। ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे, बल्कि दूरस्थ वनांचलों के सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है। वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है। इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर होगा।

इन सेंट्रल लाइब्रेरीज-सह-रीडिंग जोन्स से प्रदेशभर के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अच्छी पुस्तकें भी मिलेंगी। प्रदेश के हर वर्ग के युवाओं के करियर निर्माण में ये लाइब्रेरीज काफी मददगार और अहम साबित होंगी। इन सर्वसुविधायुक्त, अत्याधुनिक लाइब्रेरीज में युवाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नालंदा परिसरों के लिए 237 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए मंजूर किए हैं। विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17 नगरीय निकायों में 18 नालंदा परिसरों के लिए 125 करोड़ 88 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में अलग-अलग शहरों में 15 नालंदा परिसरों के लिए 111 करोड़ 70 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इनमें से 11 नालंदा परिसरों के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित निर्माण एजेंसीज को कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं। ये जल्द ही आकार लेना शुरू कर देंगे।

**नगरीय प्रशासन विभाग ने 11 नालंदा परिसरों के लिए जारी किए 19.15 करोड़ :** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने 11 नगरीय निकायों में नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में कुल 19 करोड़ 14 लाख 87 हजार रुपए इसी महीने जारी किए हैं। विभाग द्वारा दुर्ग, राजनांदगांव और अंबिकापुर नगर निगम को प्रत्येक को दो करोड़ 85 लाख 57 हजार रुपए की प्रथम किस्त जारी की गई है।

### नालंदा परिसर सिर्फ इमारत नहीं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद : मुख्यमंत्री साय



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर के नालंदा परिसर की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को उड़ान देने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिले, इसके लिए हम अलग-अलग क्षेत्र के शहरों में नालंदा परिसरों का निर्माण कर रहे हैं। सुकमा से लेकर सूरजपुर और रायगढ़ से लेकर कवर्धा तक - हर कोने में अत्याधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन खोले जा रहे हैं। ये नालंदा परिसर सिर्फ इमारत नहीं, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद हैं।

### छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने सभी सुविधाएं मुहैया कराने प्रतिबद्ध : अरुण साव

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने प्रदेशभर में नालंदा परिसरों के विस्तार के बारे में कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वसुविधायुक्त ये लाइब्रेरियां उच्च शिक्षा हासिल कर रहे तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई का अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के साथ ही उत्कृष्ट अध्ययन सामग्री भी प्रदान करेंगी। राज्य के युवाओं की मेहनत को उनके इच्छित मुकाम तक पहुंचाने में नालंदा परिसर बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर में पाक के 5 जेट गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी तबाह किया : एयरफोर्स चीफ

### एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम गेम-चेंजर रहे



**बेंगलुरु (ए)।** एयर फोर्स चीफ एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है।

एपी सिंह बेंगलुरु के एचएएल मैनेजमेंट अकादमी ऑडिटोरियम में एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें सीजन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार काम किया, पाकिस्तान हमारा एयर डिफेंस सिस्टम नहीं भेद पाया। उन्होंने कहा,

'हाल ही में खरीदे गए स-400 सिस्टम गेम-चेंजर रहे हैं। पाकिस्तान लंबी दूरी के ग्लाइड बम होने के बाद भी इनका इस्तेमाल नहीं कर पाया।' एयर फोर्स चीफ ने आगे कहा कि पाकिस्तान के बहावलपुर में हमले के पहले और बाद की तस्वीरें सबके सामने हैं। वहां कुछ नहीं बचा था। ये तस्वीरें न सिर्फ सैटेलाइट से ली गईं। बल्कि लोकल मीडिया ने भी तबाह हुई बिल्डिंग की अंदर की तस्वीरें दिखाई थीं।

**सेना को खुली छूट दी गई थी :** सफलता का एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। हमें खुली छूट थी। हमने तय किया कि कितना आगे बढ़ना है। हमें योजना बनाने और उसे लागू करने की पूरी आजादी थी। तीनों सेनाओं के बीच कोऑर्डिनेशन था। सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। वह हमें एकसाथ लाने के लिए मौजूद थे।

90 घंटे की जंग में पाक पीछे हटा- यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था। 80 से 90 घंटे के युद्ध में हम इतना नुकसान कर पाए कि उन्हें (पाकिस्तान) साफ पता चल गया था कि अगर वे इसे जारी रखेंगे तो उन्हें इसकी और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी इसलिए वे आगे आए और हमारे डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वे बात करना चाहते हैं। हमारी ओर से इसे स्वीकार कर लिया गया। बालाकोट के भूत से छुटकारा पाया- 2019 में जब बालाकोट में हमने एयर स्ट्राइक की तो उसके सबूत नहीं जुटा पाए। लोगों ने सवाल उठाए कि हमने क्या किया या क्या नहीं किया। इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि इस बार हम बालाकोट के उस भूत से निपटने में सक्षम थे और हम दुनिया को यह बताने में सक्षम थे कि हमने क्या हासिल किया है। करीबियों ने कहा- और मारना चाहिए था- इस युद्ध में लोग अपने अहंकार पर उतर आए।

## चुनाव आयोग ने 334 पंजीकृत दलों के नाम काटे




**नई दिल्ली (ए)।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि चुनाव प्रणाली को स्वच्छ बनाने के क्रम में उसने पंजीकृत एवं गैर-मान्यताप्राप्त (आरयूपीपी) राजनीतिक दलों की सूची से 334 दलों के नाम हटा दिए है।

अयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्रवाई बाकायदा जांच पड़ताल के बाद की गयी है फिर भी ये दले चाहें तो 30 दिन के अंदर अयोग के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार देश में इस समय छह राष्ट्रीय, 67 राज्यस्तरीय और 2854 पंजीकृत एवं गैरमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। आम आदमी पार्टी (आप),बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) , इंडियन नेशनल कॉंग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता है। नियमतः यदि कोई दल लगातार छह वर्ष तक चुनाव नहीं लड़ती है तो उसे पंजीकृत दल की सूची से हटा दिया जाता है। पंजीकृत दलों को समय समय पर अनिवार्य रूप से अपने बारे में कुछ विवरण भी देने होते हैं। आयोग ने कहा है कि उपरोक्त नियमों-निर्देशों के अनुपालन के संबंध में उसने जून, 2025 में राज्यों तथा केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से 345 पंजीकृत गैर-मान्यताप्राप्त दलों की जांच करने को कहा था। जांच के दौरान इन दलों को नोटिस जारी किए गए थे और बात रखने का मौका भी दिया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट में पाया गया था कि उनमें से 334 दल पंजीकरण शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। शेष मामलों को पुनः सत्यापन के लिए अधिकारियों को वापस भेजा गया है। आयोग ने सभी तथ्यों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की सिफारिशों पर गौर कर 334 आरयूपीपी को पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया है। इस तरह अब सूची में कुल 2854 आरयूपीपी में से 2520 शेष बचे हैं।

## सरकार ने संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्व संस्कृत दिवस पर अपने संदेश में कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में इस प्राचीन को लोकप्रिय बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत है तथा इसका प्रभाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। मोदी ने कहा कि यह इस को सीखने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत सभी लोगों के प्रयासों की सराहना करने का अवसर है। यह दिवस प्रतिवर्ष 'श्रावण पूर्णिमा' के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने इस संबंध में अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सामने रखते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना, संस्कृत शिक्षण केंद्रों की स्थापना, इस के विद्वानों को अनुदान देने और प्राचीन संस्कृत पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के लिए एक मिशन की शुरुआत जैसे विभिन्न उपायों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इससे अनगिनत विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को लाभ हुआ है। हिंदू महाकाव्यों समेत कई प्रभावशाली प्राचीन पुस्तकें संस्कृत में लिखी गई हैं। लेकिन संस्कृत अब ऐसी बनकर रह गई है जो बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यों में ही सीमित हो गई है।



नई दिल्ली। पीएम मोदी को उनके आवास पर बच्चों ने राखी बांधी। उन्होंने देशवासियों को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा- सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की अनेकानेक शुभकामनाएं।

## कुलगाम मुठभेड़ : दो जवान शहीद, दो घायल

**श्रीनगर (ए)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये और अन्य दो घायल हुए हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि मुठभेड़ आज नौवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि कल रात अखल वन क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो जवानों ने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, ÷घायल जवानों को सेना के श्रीनगर 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान दो जवानों की मृत्यु हो गयी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने दोनों जवानों की पहचान लांस नायक प्रीतपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में की है। चिनार कोर ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ÷चिनार कोर लांस नायक प्रीतपाल सिंह और जवान हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करती है।

## दिल्ली में तेज बारिश, दीवार ढहने से 8 की मौत



**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश के चलते जैतपुर थाना इलाके में शनिवार दोपहर घर की दीवार गिरने से 8 लोगों की दबकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

वहीं, तेज बारिश के चलते 300 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भरी। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने आज दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन शरोद नाले से सटे बरोगी नाले का वाटरलेबल बढ़ गया है। लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे भी बंद है। यूपी में इस सीजन मानसून मेहरबान है।

### मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, ÷हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

## ऐतिहासिक उपलब्धि : कश्मीर घाटी में पहली मालगाड़ी सीमेंट लेकर अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची

**नई दिल्ली (ए)।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक विकास में, पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची है। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्टीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीमेंट से लदी मालगाड़ी के आगमन से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी आएगी और कश्मीर के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

उद्घाटन मालगाड़ी में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। लगभग 600 किलोमीटर की यह यात्रा आज 18 घंटे से भी कम समय में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पर पूरी हुई। यह आयोजन कश्मीर क्षेत्र में लॉजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का समर्थन करने के लिए इसकी तत्परता को दर्शाता है। इस ट्रेन में परिवहन किए जाने वाले सीमेंट का उपयोग कश्मीर घाटी में सड़कों, पुलों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और आवासीय भवनों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। इस अभूतपूर्व यात्रा के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था को सटीकता के साथ क्रियान्वित किया गया।

**तीर्थ यात्रा** » इस साल 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

## छड़ी मुबारक अमरनाथ गुफा पहुंची, यात्रा का हुआ समापन

**नई दिल्ली (ए)।** अमरनाथ यात्रा का समापन शनिवार को छड़ी मुबारक के पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने के साथ हुआ। पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ विशेष पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से 3 अगस्त से ही रोक दी गई थी। इस साल 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन किए, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे।

**यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी :** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इस दौरान सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई थी। इस बार यात्रा केवल 1 महीना ही चल पाई। यात्रा के दौरान लगभग 50,000 सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए थे। इस बार अमरनाथ यात्रा में कुल 4.1 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। यात्रा की सुरक्षा के लिए 50 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया था। 5 जुलाई को यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई थी। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए।



### महाकाल, बाबा विश्वनाथ को राखी बांधी गई



**उज्जैन।** देशभर में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल को राखी बांधी गई। अमर पुजारी के परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई खास राखी उन्हें अर्पित की गई है। महाकाल को जो राखी बांधी गई है उसमें मखमल का कपड़ा, रेशमी धागा और मोती का उपयोग हुआ है। राखी पर भगवान गणेश जी विराजित हैं। सावन के आखिरी दिन काशी में बाबा विश्वनाथ को मंगला आरती के बाद रेशम की राखी पहनाई गई। अयोध्या में भगवान रामलला और उनके भाइयों के लिए श्रृंगी धाम से राखियां लाई गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### अपर कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का भव्य आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज शौर्य परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अतिथिगण, शहीद परिवार, पत्रकारगण की बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई, बेरिकेटिंग, मंच, साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, पुरस्कार वितरण सहित अन्य आवश्यक तैयारी के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के पर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में निकाली गई तिरंगा रैली



**राजनांदगांव।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में स्वच्छता शपथ ली गई। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान में नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर मे फहराने के लिए प्रेरित करने तथा आमजनों में देशभक्ति की भावना विकसित करने के लिए तिरंगा बाईक रैली निकालकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. भार्गव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

### जनपद पंचायत गुरूर में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**बालोद।** जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज जिले के जनपद पंचायत गुरूर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वतंत्रता के संग' थीम पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान और स्वच्छता का संदेश दिया।

### जिले में अब तक 331.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 08 अगस्त 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 331.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 481.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 247.5 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है।

# पर्वों का आयोजन परंपरागत सुव्यविस्थत ढंग से हो, सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

### आगामी तीज-त्यौहरों/पर्वों को ध्यान में रखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक संपन्न

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** आगामी तीज-त्यौहरों/पर्वों पर जिले में होने वाले आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी सम्मिलित हुए। बैठक में एजेंडावार धार्मिक पर्वों के पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था, आगजनी से सुरक्षा, आपातकालीन सुविधा, विसर्जन, साफ-सफाई तथा जिला स्तरीय शांति समिति के गठन के संबंध में चर्चा की गई। आयोजकों को निर्धारित फार्मेट में देनी होगी संपूर्ण जानकारी।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजकों के लिए गाइड लाइन निर्धारित की जाएगी। आयोजकों को निर्धारित फार्मेट में अपनी संपूर्ण जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्वों के पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशासन की पूर्व अनुमति से हो आयोजन। पंडाल में मुख्य प्रवेश द्वार और निकास द्वार अलग-अलग हो। निगरानी हेतु हाई रिजोल्युशन कैमरे लगाई जाए। पंडाल में कंट्रोल रूम बनाया



जाए ताकि यहां से लाईफ देखा जाए। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, विशेष परिस्थिति की सूचना से आम जनता को सूचित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में माईक एवं साउण्ड बाक्स की व्यवस्था हो। भीड़ प्रबंधन हेतु आयोजकों द्वारा स्वयंसेवकों की टीम बनायी जाए। उन्होंने कहा कि पंडाल या झांकी स्थल पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्र और रेत की बाल्टियां रखी जाए। बिजली की वायरिंग आईएसआई मार्क वाले केबल से हो। जनरेटर व विद्युत उपकरणों पर निगरानी रखी जाए। फाल्ट आने पर तुरन्त बिजली सप्लाई काटने की व्यवस्था हो। प्राथमिक चिकित्सा हेतु पंडाल में अलग से समुचित व्यवस्था किया जाए। आपातकालीन संपर्क नंबरों को प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जाए। भीड़ को नियंत्रित करने रस्सी या बेरिकेट की सुव्यवस्थित रूप से किया जाए। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी तय किया जाए। पार्किंग से किसी भी आम जनता को या रहवासियों को असुविधा न हो तथा सड़क बाधिक न हो। प्रवेश, निकास, मंच व पार्किंग आदि में स्वयंसेवक तैनात किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर विसर्जन प्रक्रिया संपन्न करायी जाए। इस दौरान डी.जे. पर प्रतिबंध हो। साथ ही मादक पदार्थों पर भी प्रतिबंध लगायी जाए। आयोजन के दौरान आयोजकों द्वारा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बायो प्लास्टिक का उपयोग हो। आयोजन के दौरान समाप्ति तक सफाई का दायित्व आयोजन समिति का होना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि आयोजन स्थल पर रोड मार्कर का अक्षरशः पालन हो। पंडाल से मेन रोड या संपर्क रोड अवरोध न हो। झांकियाँ किसी प्रकार की विवादित न हो। पंडाल में विद्युत अवरोध की स्थिति में जनरेटर की पर्याप्त व्यवस्था हो। आयोजकों के पास पर्याप्त स्वयंसेवक हो। पंडाल के प्रवेश द्वार व निकासी द्वार पर हाई रिजोल्शुन कैमरा से निरागनी रखी जाए।

एस.एस.पी. ने कहा कि आयोजन से संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी डी.जे. पर विशेष ध्यान दें। इसके लिए समय निर्धारित की जाए और विसर्जन के दौरान पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। इस संबंध में आयोजकों से शपथ पत्र भरवाये। थाना प्रभारी अपने पेट्रोलिंग दल को अलर्ट रखें। झांकी में ट्रेलर का उपयोग प्रतिबंधित किया जाए। प्रत्येक पंडाल पर पैनी नजर रखी जाए और सूचना तंत्र को मजबूत रखें। एस.एस.पी. ने जिला स्तरीय शांति समिति गठन पर जोर देते हुए सभी थाना क्षेत्रों में भी आयोजन पूर्व शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। बैठक में आयोजन के दौरान विगत वर्ष घटित घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा जिले के नागरिकों को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने आयोजन समितियों और सामाजिक संगठनों की बैठकें आयोजित कर उनसे भी सुझाव आमंत्रित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम बिरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत आदि उपस्थित थे।

# कृषि विभाग ने उर्वरक निरीक्षकों की मौजूदगी में कराया खाद का वितरण

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में खाद की अधिक दर बिक्री की शिकायतों के दृष्टिगत कृषि विभाग के अधिकारियों को जिले में संचालित निजी खाद-बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर द्वारा जिले के निजी विक्रय परिसरों में विक्रय केन्द्रवार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर निजी केन्द्रों में भण्डारित उर्वरकों का शासन द्वारा निर्धारित दर यूरिया 266.50 रूपए, डीएपी 1350 रूपए में कृषकों को वितरण कराया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम जंगलेसर में वरूण कृषि केन्द्र में उपलब्ध 43 बोरी यूरिया खाद का वितरण किसानों को कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रजनी सोनटेके की उपस्थिति में कराया गया। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिला कलेक्टर जनदर्शन में जिला किसान संघ द्वारा ऐसे किसान जो समिति के सदस्य नहीं है, उन्हें निजी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से यूरिया खाद दिलाए जाने की मांग की गई थी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाईन फर्टिलाईजर मॉनिटरिंग पोर्टल से ऑनलाईन खाद की सूची निकालकर उर्वरक निरीक्षक श्रीमती रमशिला गौरकर की उपस्थिति में किसानों के साथ मेसर्स अमर इंटरप्राईसेस राजनांदगांव में कृषकों की उपस्थिति में यूरिया का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से कराया गया। जिसमें 70 बोरी यूरिया खाद का वितरण 35 किसानों को कराया गया। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सभी निजी उर्वरक विक्रय अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि उनके पास भण्डारित उर्वरकों का शासन द्वारा निर्धारित दर पर कृषकों को विक्रय करने आवश्यक समन्वय स्थापित करें। किसी भी स्थिति में शिकायत पाये जाने पर संबंधित अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 'बने खाबो-बने रहिबो' के तहत सघन जांच एवं जागरूकता अभियान

### खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य सामग्री की सघन जांच के साथ जनसामान्य को किया जा रहा जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तर पर तीन दिवसीय विशेष जांच अभियान 'बने खाबो बने रहिबो' के तहत सघन जांच एवं जागरूकता अभियान को सार्थक बनाने चलित प्रयोगशाला द्वारा लगातार खाद्य कारोबारियों एवं आमजन के बीच जाकर जागरूक किया गया।



खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को विशेषकर स्ट्रीट फुड वेंडर्स, चाट कॉर्नर, चाय-नाश्ता आदि संचालकों अखबारी पेपर का इस्तेमाल नहीं करने, पर्याप्त हाइजीन व साफ-सफाई रखने हेतु समझाईश दी जा रही है। साथ ही साथ रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रख मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट आदि में भी औचक दबिश देकर मौके पर ही जांच किया जा रहा है। ज्ञात हो कि विगत दो दिनों में राजनांदगांव व आसपास के जिलों से लगभग 200 खाद्य नमूने मौके पर जांचे गये हैं। टीम द्वारा मिथ्याछाप, उपयोग तेल का बार-बार उपयोग, सामग्री को बांधने पेपर का इस्तेमाल, अखाद्य रंग आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान दूध व दुग्ध उत्पादों के विधिक व सर्विलांस नमूना मिलावट जांच हेतु संग्रहित किया जा रहा है। संघन जांच जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। जनसामान्य व खाद्य कारोबारियों से चमकीली व भड़कीली मिठाईयों के उपयोग पर सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

# कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की, लॉटरी अब 19 अगस्त को

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा की प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रबंधन से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक अभिभावक एवं विद्यार्थी को समय पर तथा स्पष्ट सूचना प्रदान की जाए। प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम चयन सूची पहले 11 अगस्त को रखा गया जिसे संशोधन करते हुये 19 अगस्त 2025 को जारी किया जायेगा। जिसे विद्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा अन्य उपयुक्त माध्यमों से सार्वजनिक किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में कक्षा 1 से 5वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया जाएगा और भविष्य में छात्र संख्या एवं संसाधनों के अनुसार इसका विस्तार किया जाएगा। श्री



शर्मा ने विद्यालय के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं सामग्रियों की सूची को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी कार्य में विलंब न हो। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कक्षा 1 से 5 में प्रवेश हेतु लॉटरी का आयोजन पूर्व निर्धारित तिथि 11 अगस्त के स्थान पर अब 19 अगस्त 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। यह लॉटरी प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक केन्द्रीय विद्यालय बेमेतरा परिसर में संपन्न होगी।

# अपनी बहनों के जैसे दूसरे बहनों की भी रक्षा करनी होगी तभी राखी का अर्थ सार्थक : ईश्वर साहू

### विधायक भाई के कलाई पर बहनों ने बांधी रक्षासूत्र, आशीर्वाद के साथ दिया उपहार

समवेत शिखर संवाददाता

**साजा।** साजा नगर में राखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया,विधायक ईश्वर साहू के निवास में भी राखी बांधने बहनें पहुंची ,रक्षाबंधन के पावन पुनीत अवसर पर प्रत्येक बहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का वचन लेती हैं।

इसी घड़ी में आज विधायक निवास में बहन संतोषी साहू के साथ पूर्व जनपद सदस्य बहन सेवती साहू ने विधायक भाई ईश्वर साहू की आरती उतारते हुए मिठाई खिलाई और भाई के कलाई पर राखी बांधी, विधायक भाई ने भी अपनी बहन को उपहार भेंट कर उनके सुख दुख में साथ निभाने और सुरक्षा का वचन दिया। इस अवसर पर बीजेपी के कट्टर समर्थक सुरेश साहू भी मौजूद रहे। विधायक ईश्वर साहू ने रक्षाबंधन



के शुभ अवसर पर समवेत शिखर से चर्चा के दौरान कहा कि भारतवर्ष में प्रत्येक भारतीय राखी को केवल एक धागा नहीं बल्कि रक्षा सूत्र मानते है,इस पावन अवसर पर प्रत्येक भाई को अपनी बहन के अलावा दूसरों की बहन की रक्षा सुरक्षा का प्रण करना चाहिए। जिस तरह हम अपनी बहनों को सुरक्षा देते है वैसे ही अन्य बहनों के लिए भी सोचना होगा तभी राखी का अर्थ सार्थक होगा।

**अपराध करने वाले भी भाई ही है**

विधायक साहू ने बहनों पर बढ़ते अत्याचार पर बड़ी बात कही उन्होंने अपने शब्दों में देश के युवाओं को संदेश दिया किङ्कदेश में बहनों पर अत्याचार बढ़ रहा है ये अपराध करने वाले भी भाई ही है।

राखी के अवसर पर मैं युवाओं से अपील करता हूं कि आप किसी बहन के भी भाई रहे पर आपको प्रत्येक बहन के साथ अपनी बहन के जैसे व्यवहार अपनाना होगा।आपके रिश्ते यदि अन्य तरह के है तब भी आप अत्याचार करने से बचे,आप ये सोचे कि वे किसी की बहन होंगी,ऐसा विचार आपको गलत करने से रोक देगा।

# कलेक्टर ने आमापारा बालोद में संचालित महावीर गौशाला के व्यवस्थाओं का जायजा लिया

### गौधाम बनाकर निराश्रित एवं घुमन्तू गौवंश पशुओं के समुचित देखभाल के अलावा किया जाएगा उनका संरक्षण व संवर्धन : कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** राज्य शासन के गौधाम योजना के अंतर्गत बालोद जिले में भी गौधाम बनाकर निराश्रित एवं घुमन्तू एवं जप्त किए गए गौवंश पशुओं का समुचित देखभाल के अलावा संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश ने अधिकारियों के साथ जिले के अलग-अलग स्थानों में पहुँचकर गौवंश पशुओं के लिए जरूरी सुविधाओं से युक्त गौधाम निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन हेतु मौके पर पहुँचकर जगह का मुआयना किया। जिससे कि गौधाम निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। इसके अलावा कलेक्टर मिश्रा ने गौवंश पशुओं के देखरेख, पंजीकृत संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर मिश्रा ने आज जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा स्थित महावीर गौशाला के अलावा तांदुला जलाशय के समीप नगर



पालिका बालोद द्वारा संचालित गौठान तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चुल्हापथरा में संचालित कृष्णगोपाल गौशाला के अलावा गुरूर विकासखण्ड के चिटौद में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित चारागाह में पहुँचकर इसे गौधाम निर्माण हेतु चयनित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर सहित पंचायत एवं पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने आमापारा बालोद में संचालित महावीर गौशाला में वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित गौशाला संचालन समिति के पदाधिकारियों से वर्तमान में गौठान में रह रहे गौवंश पशुओं की संख्या, उनके लिए चारा, दवाइयां, इलाज एवं देखरेख आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने गौशाला के पशुओं को गुड़ भी खिलाया। इसके अलावा मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद में तांदुला जलाशय के समीप नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौठान का भी अवलोकन किया। इस स्थान पर गौधाम निर्माण के लिए पर्याप्त रकबा एवं आवागमन हेतु मार्ग आदि की उपलब्धता को देखते हुए अधिकारियों ने इसे गौधाम निर्माण के लिए चयनित किया।

कलेक्टर मिश्रा ने यहाँ पर गौधाम निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु तहसीलदार एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा एवं अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड ग्राम चुल्हापथरा में पहुँचकर कृष्णगोपाल गौशाला का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला का देखरेख कर रहे लोगों की गौशाला में दुध उत्पादन, गोबर एवं गौमूत्र के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर एवं अधिकारियों ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिटौद में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित चारागाह का अवलोकन कर इस स्थान पर पर्याप्त रकबा, सुविधाओं की उपलब्धता एवं पहुँच मार्ग एवं अन्य सभी दृष्टि से उपयुक्त पाए जाने पर इस स्थान को गौधाम निर्माण हेतु चयन किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इस स्थान पर 05 एकड़ शासकीय भूमि पर पशुओं के लिए जरूरी सुविधाओं से युक्त गौधाम का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौधाम के सुचारू संचालन हेतु शासन के द्वारा अनुदान भी प्रदान किया गया है।

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में चलाया गया 'हर घर तिरंगा'

### हर घर स्वच्छता, 'स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय आमापारा बालोद में स्वच्छता संबंधी गतिविधि का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष सरस्वती टेमरीया, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जनपद सदस्य प्रभा नायक, भुनेश्वरी चन्द्राकर, भगवती उईके, ममता साहू, पार्षद गिरजेश गुप्ता एवं हरिश कटक्षरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान बालोद जिले में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिलेभर में देशभक्ति, जनचेतना और सामूहिक सहभागिता की मिसाल देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में 08 से 15 अगस्त तक हर गांव, हर वार्ड और प्रत्येक स्कूल में विविध कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत तिरंगा रैलियाँ, प्रेरक भाषण, स्वच्छता श्रमदान, सामूहिक संकल्प और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्षाबंधन पर 'एक पैग पर एक फ्री' ऑफर से विवाद :क्लब ने ग्राहकों को लुभाने किया प्रचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार के दिन रायपुर में शराब पर 'बाई वन, गेट वन फ्री' ऑफर देने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यह मामला नया रायपुर के आईपी क्लब से जुड़ा है, जहां 9 अगस्त को एक पैग खरीदने पर एक पैग मुफ्त देने का स्पेशल ऑफर है। क्लब ने इसके लिए सोशल मीडिया पर पोस्टर भी डाला, जिसमें बड़े अक्षरों में 'बाई वन, गेट वन फ्री' लिखा था। क्लब का यह प्रचार सोशल मीडिया और वॉट्सऐप ग्रुप्स से फैलकर बजरंग दल तक पहुंच गया। संगठन ने इसे भारतीय संस्कृति का अपमान बताया और आयोजन होने पर क्लब के घेराव की बात कही। बजरंग दल के सह संयोजक रवि वाधवानी ने दैनिक भास्कर को बताया कि ये दुर्भाग्यपूर्ण आयोजन है। रायपुर में क्लब का संचालन करने वाले कारोबारी सनातन की संस्कृति का लगातार अपमान कर रहे हैं। रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है, इस दिन शराब का प्रमोशन हमारी संस्कृति का मजाक उड़ाना है। अगर आयोजन किया गया तो हम इसका विरोध करेंगे। रवि वाधवानी ने क्लब संचालकों को आयोजन न करने की चेतावनी दी है।

### स्कूटी की सीट में बैठने का विवाद, युवक को मार डाला

**रायपुर।** रायपुर में स्कूटी की सीट में बैठने को लेकर लड़कों के बीच आपस में विवाद हो गया। विवाद के बाद 4 लड़कों ने मिलकर एक युवक को पीट-पीटकर मार डाला। मृतक और आरोपी सभी एक ही स्टील कंपनी के ही कर्मचारी थे। मामला उरला थाना क्षेत्र का है। घटना 5 अगस्त की है। मारपीट में घायल युवक का इलाज चल रहा था, जिसने 8 अगस्त को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने प्रदर्शन कर परिजनों को उचित मुआवजे की मांग की है। थाना प्रभारी रोहित मानेकर ने बताया कि, बाजार चौक का रहने वाला राहुल विश्वकर्मा (27 साल) उरला के सरोरा में नव दुर्गा इस्पात कंपनी में मजदूरी करता है। उसी कंपनी में न्यू राजेंद्र नगर का रहने धीरज साहू (24 साल) भी मजदूरी करता है। 5 अगस्त की रात सवा 10 बजे दोनों ऑफिस से बाहर आये। तो धीरज की बाइक में एक अज्ञात युवक बैठा था। जिसे नीचे उतरने के बोला तो युवक उसे मां बहन की अश्लील गाली गलौज देने लगा। बात बढ़ी तो आरोपी ने 2-3 दोस्तों को बुला लिया। फिर उन्होंने मिलकर धीरज साहू को हाथ-मुक्का, पाइप से मारपीट की।

### 19 साल बाद पकड़ाया 26वां हत्यारा

**रायपुर।** 19 साल बाद एक हत्यारा गिरफ्तार हुआ है। आरोपी ने साल 2006 में पुरानी रंजिश में अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक बुजुर्ग की हत्या की थी। इस मामले में 25 लोग पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। लेकिन एक आरोपी फरार था। जब वह वापस अपने गांव लौटा तो पुलिस ने दबोच लिया। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। बता दें कि वारदात के 25 आरोपी पहले ही पकड़े गए है। कोर्ट ने उन्हें 7 साल से लेकर उम्रकैद तक सजा सुनाई है। थाना प्रभारी केके कुशवाहा ने बताया कि 2 जून साल 2006 में ग्राम ढोक भट्ठी के रहने वाले तुलसी राम (70 साल) की हत्या हुई थी। करीब 26 लोगों ने मिलकर पुरानी रंजिश में वारदात की थी। आरोपियों ने सब्बल और कुल्हाड़ी से तुलसी राम को घर में घुसकर मार डाला था। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। इस हत्याकांड के बाद आसपास के इलाकों में तनाव फैल गया। इस हत्या के बाद पुलिस ने कई दिनों तक रेड कार्रवाई की। दर्जनों लोगों से पूछताछ की गई। इसके बाद मर्डर की वारदात करने वाले 25 आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया था। लेकिन मामले का एक आरोपी रवेल आडिल गांव छोड़कर फरार था। लंबे समय तक फरारी काटने के बाद आरोपी 8 अगस्त 2025 को अपने गांव काकाडीह आरंग वापस पहुंचा। इस बात की पुलिस को मुखबिर से खबर मिल गई। पुलिस ने गांव में जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### नवा रायपुर में अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर

**रायपुर।** नवा रायपुर में अवैध मुरूम खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए रेड मारा था। पुलिस का छापा पड़ते ही मुरूम लोड कर रहे ट्रैक्टर और ट्रक के ड्राइवर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी करके गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, लगातार नवा रायपुर में अवैध मुरूम खनन की शिकायतें आ रही थी। जिसके बाद नवा रायपुर एएसपी विवेक शुक्ला के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई। 7 अगस्त की रात दर्जन भर पुलिस कर्मियों ने सत्य साईं अस्पताल के पीछे स्थित जमीन में हो रहे अवैध खनन में रेड मारी।

# सेंट्रल जेल में भाइयों संग बहनों ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

### सुबह से लगी लंबी लाइन, प्रवेश से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम

समवेत शिखर न्यूज






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षों उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सेंट्रल जेल रायपुर में बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची है। महिलाओं की लंबी कतार सेंट्रल जेल में लगी है। जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन पर सुरक्षा के कड़े इतंजाम किए हैं। प्रवेश से पहले राखी बांधने पहुंची महिलाओं को पहले पंजीयन कराया होगा, फिर चेकिंग की जाएगी। जेल प्रवेश करने के बाद दोबारा चेकिंग होगी। महिलाओं को नियमानुसार जेल में प्रवेश करने के लिए केवल 100 ग्राम मिठाई और राखी लेकर प्रवेश करने दिया जाएगा।

**बहनों ने जेल में भाइयों को बांधी राखी**

कई महिलाएं पहली बार सेंट्रल जेल में भाइयों को राखी बांधने आई है। वहीं कई ऐसी भी महिलाएं पहुंची जो सालों से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने रही है। पहली बार आई महिलाओं ने व्यवस्था को लेकर कहा कि पहली बार जेल में भाई को राखी बांधने आने पर खराब अनुभव है। लंबी कतारे लगानी पड़ी। इस दौरान पानी की व्यवस्था भी नहीं की गई है। जेल में राखी बांधने पहुंचे कुछ बहनों ने कहा कि पिछले सुबह 7 से लाइन लगाकर खड़े हैं। लेकिन अभी तक मिलने नहीं दिया गया, बहुत लंबी लाइन है। तेज धूप के कारण भी परेशानी हो रही है। वहीं कुछ महिलाओं ने जेल प्रशासन की ओर से इस बार की गई व्यवस्था को काफी अच्छा बताया है। बताया कि आधार कार्ड दिखाकर अंदर मिलने दिया जा रहा है। जेल अधीक्षक योगेश कुमार छतरी ने कहा कि सुबह 8 बजे से जेल परिसर के अंदर एंट्री दी गई है। एंट्री से पहले सुरक्षा के मद्देनजर तैनाक महिला पुलिसकर्मी कड़ी जांच कर रही है। ताकी कोई भी बिना काम का सामान अंदर ना ले जा सके। दोपहर 3:30 बजे तक का समय तय किया गया है।



# पत्रकार बहनों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर बांधी राखी

### जनसेवा के मार्ग पर अटूट संकल्प और प्रगति की दी शुभकामनाएं

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और अटूट संबंध का प्रतीक है। यह पर्व हमें रिश्तों की पवित्रता और एक-दूसरे के प्रति सम्मान एवं सुरक्षा के संकल्प की याद दिलाता है। इस अवसर पर पुलिस लाइन हेलीपैड में उपस्थित पत्रकारिता जगत से जुड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री श्री साय की कलाई पर राखी बाँधकर उनके दीर्घायु की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी पत्रकार बहनों के स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी बहनों के सुखमय, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि यह पवित्र बंधन उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाने की शक्ति प्रदान करेगा।

# रक्षाबंधन पर साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी के प्रेरक प्रसंग भाई-बहन के रिश्ते संग प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

### आत्मोत्थान चातुर्मास 2025

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** दादाबाड़ी में चल रहे आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत शनिवार को प्रवचन श्रृंखला में परम पूज्य साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी म.सा. ने धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन करते हुए रक्षाबंधन से जुड़े दो प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास और त्याग का भी संदेश देता है।

पहले प्रसंग में उन्होंने बताया कि एक राजा की पुत्री हर वर्ष अपने भाई को राखी बांधती थी। विवाह के बाद वह सिंघ देश चली गई। एक दिन स्नान करते समय हमीर राजा की उस पर दृष्टि पड़ी और उसने उसे पाने की इच्छा की। संकट की इस घड़ी में बहन को अपने भाई की याद आई, जिसने छह माह से उसकी कोई खबर नहीं ली थी। उसने पत्र लिखकर परिस्थिति बताई और छह माह का समय मांगा।

संदेश मिलते ही भाई अश्व पर सवार होकर एक ही दिन में वहां पहुंचा, हमीर राजा को परास्त किया और बहन की रक्षा कर रक्षासूत्र का वचन निभाया। दूसरे प्रसंग में एक ऐसी छोटी बहन की कथा आई जिसका कोई भाई नहीं था, लेकिन उसे प्रकृति से गहरा प्रेम था। रक्षाबंधन के दिन उसने एक पेड़ को राखी बांधी और परिवार के साथ संकल्प लिया कि उसकी हर हाल में रक्षा करेंगे। वर्षों बाद जब पेड़ों की कटाई शुरू हुई, तो पूरा परिवार उस पेड़ को बचाने के लिए डट गया।

समय बीता, फिर एक भीषण सैलाब आया जिसने बहुत कुछ नष्ट कर दिया, पर वही पेड़ मजबूती से खड़ा रहा और परिवार को आश्रय मिला। साध्वी जी ने कहा–चाहे वह भाई-बहन का बंधन हो या प्रकृति के साथ प्रेम का नाता, सच्चे मन से की गई रक्षा का फल जीवनभर मिलता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली तथा आत्मोत्थान चातुर्मास समिति 2025 के अध्यक्ष अमित मुणोत ने जानकारी दी कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8:45 से 9:45 बजे तक साध्वीजी के प्रवचन का आयोजन भी हो रहा है। समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जिनवाणी का लाभ लें।

# मंत्री रामविचार नेताम ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में की मुलाकात

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की दी बधाई

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसान कल्याण एवं आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम अपने दिल्ली प्रवास के दौरान आज केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी।

उन्होंने केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सल अभियान के संबंध में भी चर्चा की। मंत्री श्री नेताम ने राज्य सरकार द्वारा नियद नेल्लानार अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि पीएम जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, नियद नेल्लानार योजना के तहत आदिवासी परिवारों और उनकी बसाहटों को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जा रहा है। केन्द्र और राज्य प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा करते हुए



मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों और मजदूरों सहित सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए गए वायदों को पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुशहाल हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी दी।

# 'अवाम ए हिन्द संस्था' कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रक्षाबंधन का पावन पर्व आज देशभर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम,



स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के कार्यालय रामनगर में संस्थापक मोहम्मद सज्जाद खान को बीते 25 वर्षों से बहनों द्वारा रक्षाबंधन पर राखी बांधी जाती है, जिसमें महिला कार्मिक, मजदूर, दिव्यांग और सभी वर्गों की माताएं और बहनें रक्षा सूत्र बांधकर लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस अवसर पर मोहम्मद सज्जाद खान ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के संबंधों में मिठास और भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाता है, और विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम, सम्मान और सौहार्द का प्रतीक है। यह सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में मदद करता है। रक्षाबंधन पर्व पर सभी बहनों को रक्षा करने और हर विपरीत परिस्थितियों में सहयोग करने का आह्वान किया गया और रामनगर में क्षेत्र में रक्षा सूत्र बांधने आने वाली बहनों को आवश्यक वस्तुएं उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर संस्थापक मोहम्मद सज्जाद खान, जुबैर खान, अरहम खान, मनतसा खान, शादिया खान, ऊषा किरण, महक जंघेल, गौरी जंघेल, मयरा खान आदि उपस्थित रहे।

### रिटर्न टिकट करने पर यात्रियों को 20% डिस्काउंट देगा रेलवे, 14 अगस्त से लागू होगी योजना

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** भारतीय रेलवे ने दिवाली और अन्य त्योहारों के दौरान घर जाने वाले यात्रियों के लिए एक प्रयोगात्मक योजना शुरू की है। इस स्कीम के तहत, यदि कोई यात्री आने और जाने का टिकट एक साथ बुक करता है, तो रिटर्न टिकट पर 20त्न की छूट दी जाएगी। यह योजना उन यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी जो त्योहारों में ट्रेन से घर जाकर वापस लौटते हैं। रेलवे ने त्योहारों के समय भीड़ और टिकट की किल्लत को देखते हुए यह फैसला लिया है।

**इस तरह मिलेगा यात्रियों को डिस्काउंट**

**एक ही ट्रेन जोड़ी:** यदि आप बेतवा एक्सप्रेस से रायपुर से कानपुर जाते हैं, तो वापसी भी उसी ट्रेन जोड़ी से होनी चाहिए। उदाहरणः रायपुरङ्ककानपुर (18204) से जाते हैं तो वापसी कानपुर-रायपुर (18203) से ही करनी होगी।

**टिकट विवरण समानः** यात्री का नाम, उम्र, सोर्सङ्कडेस्टिनेशन, दूरी और क्लास दोनों टिकटों में एक जैसी होनी चाहिए।

**दो चरणों में लागू होगी योजना**

रेलवे की यह योजना दो चरणों में लागू होगी। पहले चरण में ये योजना 14 अगस्त से शुरु होकर 26 अक्टूबर तक चलेगी।

# रक्षाबंधन के दिन भी हड़ताल पर डटी स्वास्थ्य मितानिन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** 3 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी है. रक्षाबंधन के दिन भी महिलाएं हड़ताल पर डटी हुई हैं। रायपुर संभाग की मितानिन 7 अगस्त से हड़ताल कर रही हैं। वहीं संभागवार योजना के तहत आज बिलासपुर संभाग की मितानिनों ने प्रदर्शन किया।

**सभी संभागों में प्रदर्शन :** मितानिन संघ की हड़ताल सभी संभागों में भी किया जा रहा है। 7 अगस्त को रायपुर, 8 अगस्त को दुर्ग संभाग, 9 अगस्त को बिलासपुर संभाग में हड़ताल किया गया। कल यानी रविवार को सरगुजा संभाग और 11 अगस्त को बस्तर संभाग में मितानिन हड़ताल करेंगी। मितानिन संघ ने अपनी 3 प्रमुख मांगों को लेकर प्रदर्शन करने जा रही है। इससे पहले 29 जुलाई को भी राजधानी रायपुर में संघ की ओर से जोरदार प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखी थीं। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर मांगे पूरी नहीं की गई, तो वे कामबंद और कलमबंद आंदोलन की चेतावनी दी।



**क्या है इनकी मांगें ?**

- » कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) अंतर्गत संविलियन।
- » मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत की वृद्धि।
- » एन.जी.ओ. के अंतर्गत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलिटेटर और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कार्य नहीं करने और ठेका प्रथा बंद करने की मांग।

# पवित्रता का संबंध बनाकर जीवन को राखी बनाएं : मनीष सागरजी महाराज

### आत्मा रूपी बहन की रक्षा संयम रूपी भाई ही करेगा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में शनिवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने रक्षाबंधन रोज मनाने की सीख दी।

मुनिश्री ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व एक दिन मनाने का पर्व नहीं है। हमें रोज मानना है। इस पर्व को रोज मानना है तो हमें पवित्र प्रेम रखना पड़ेगा। जैसे दिगकुमारियों ने भगवान से संबंध जोड़ा और राखी मनाई। हम भी परमात्मा से जुड़े। गुरु भगवंतो से जुड़े। सज्जनों से जुड़े। अच्छे लोगों से जुड़े। पवित्रता का संबंध बनाकर जीवन को ही राखी बनाएं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि रक्षाबंधन में रक्षा भी है और बंधन भी है। भारतीय संस्कृति की विशेषता ही है कि यह हमें संदेश देती है। भारत में होली, दीपावली, दशहरा और राखी चारों पर्व लौकिक रूप से मनाए जाते हैं। यह चारों लोकोत्तर संदेश भी देते हैं। जैसे दशहरा मान पर ज्ञान के विजय का प्रतीक है। दीपावली लोभ पर विजय का प्रतीक है। एक तरफ रामजी ने अयोध्या का राज्य छोड़कर वनगमन किया। दूसरी ओर लंका विजय कर उसे छोड़ दिया। इसलिए हमें भी लोभ नहीं करना है। रामजी ने यह संदेश दिया। होली का पर्व क्रोध न करने का संदेश देता है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि राखी का संदेश है माया मत करो, पवित्र बनो। माया के साए में काम व लोभ जन्म लेते हैं। माया हम अधिकांशतः लोभ और कामवासना की पूर्ति के लिए करते हैं। लोभी और कामी व्यक्ति बहुत मायावी होता है। लोभ और कामना पर विजय पाने के लिए माया को जीतना होगा। माया को जीतना है तो सरल बन जाइए। सरलता की परिभाषा है पवित्रता। आप भीतर से पवित्र बनो तो अपने आप सरल हो जाओगे। पवित्रता भीतर नहीं तो हम मनुष्य नहीं है। भोग हमारी आवश्यकता नहीं है। भोग के लिए कमजोर व्यक्ति ही विवश होता है।

**कल से राजेन्द्र नगर में प्रारंभ होगा महेंद्र सागरजी महाराज का प्रवचन**

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा ने बताया कि विवेकानंद नगर में आत्मशोधन तप जारी है। वहीं राजेंद्र नगर में कर्मविजय तप जारी है। 12 अगस्त से अक्षय निधि तप प्रारंभ होगा। सोमवार से परम पूज्य आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज का प्रवचन राजेंद्र नगर में प्रारंभ होगा। प्रवचन रोजाना सुबह 9 बजे से 10 बजे तक होगा।

# छत्तीसगढ़ी लोककला को बचाने सरकार और समाज को साथ आना होगा : राकेश तिवारी

### भाषा, साहित्य और संस्कृति पर 'आखर' का कार्यक्रम

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के लिए काम करने वाले मंच 'आखर' का रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में लोक कलाकार राकेश तिवारी शामिल हुए।

यह कार्यक्रम प्रभा खेतान फाउंडेशन और अभिकल्प फाउंडेशन ने मिलकर आयोजित किया। इस बातचीत को गौरव गिरिजा शुक्ला ने संचालित किया। कार्यक्रम में राकेश तिवारी ने बताया कि कैसे उनका बचपन से ही छत्तीसगढ़ की लोक कला से जुड़ाव रहा। गांव में दादी-दादा से लोक कथाएं सुनना और नाचा-गम्मत जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों में भाग लेना उनके जीवन का हिस्सा था। बाद में जब वे रायपुर आए, तो उन्होंने रंगमंच, नाटक और आकाशवाणी के ज़रिए अपने हुनर को और निखारा। उन्होंने अपने प्रसिद्ध नाटक 'फोकलवा' का ज़िक्र करते हुए बताया कि इसी नाटक ने उन्हें लोगों के बीच पहचान दिलाई। उन्होंने यह भी बताया कि उनके दोनों बेटे अब मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं और परिवार की इस कला परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।



**लोककला बचाने सबका साथ जरूरी :** कला को बचाने के मुद्दे पर लोक कलाकार ने कहा कि केवल कलाकारों की कोशिश से कुछ नहीं होगा। सरकार और समाज को भी साथ आना होगा। हमारी कई पारंपरिक कलाएं धीरे-धीरे खत्म हो रही हैं। इन्हें बचाने के लिए बच्चों और युवाओं को लोक कला की ट्रेनिंग देना ज़रूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्कूल और कॉलेज में लोक कला की पढ़ाई भी होनी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी जागरूक हो और हमारी सांस्कृतिक विरासत ज़िंदा रहे। इस कार्यक्रम में शहर के कई साहित्यकार, कलाकार और युवा शामिल हुए और सभी ने 'आखर' के इस प्रयास की तारीफकी। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पूर्व जज और लोकायुक्त टी.पी. शर्मा ने राकेश तिवारी को सम्मानित किया। संचालन वैभव पांडे बेमेतरिहा ने किया।

### अग्रसेन धाम में 4 दिवसीय आवासीय योग व यज्ञ कार्यशाला आज से

**रायपुर।** जोरा स्थित भारत स्वाभिमान, पंतजलि योग परिवार एवं अग्रसेन धाम के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 13 अगस्त को चार दिवसीय आवासीय योग, यज्ञ एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान के राज्य मंत्री राम शर्मा नें जानकारी देते हुए बताया की इस विशेष शिविर का उद्देश्य योग, साधना, यज्ञ और भारतीय संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं आत्मविकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में योगाचार्य, ध्यान साधक एवं वेदज्ञ विद्वान उपस्थित रहेंगे, जो प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान, यज्ञ, सात्विक जीवनशैली और राष्ट्र निर्माण आधारित विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। यह आयोजन रोजाना सुबह 5:30 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को न केवल शारीरिक और मानसिक लाभ मिलेगा, बल्कि वे योगिक जीवनशैली की गहराई को भी अनुभव कर सकेंगे।

# संतान सुख के लिए हलषष्ठी व्रत, जानें पूजा विधि और महत्व

हलषष्ठी व्रत, जिसे ललही छठ या चंदन छठ भी कहा जाता है, मुख्य रूप से उत्तर भारत में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह व्रत भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है और इसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। बलराम जी का मुख्य शस्त्र हल और मूसल है इसलिए उन्हें हलधर भी कहा जाता है और उन्हीं के नाम पर इस पावन पर्व का नाम हलषष्ठी पड़ा है। हलषष्ठी के दिन माताओं को महुआ की दातुन और महुआ खाने का विधान है।

**व्रत का महत्व :** हल षष्ठी व्रत का विशेष महत्व है, क्योंकि इसे रखने से व्रती महिलाओं के संतान की सुरक्षा और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत को करने से संतान को रोग, भय और अनिष्ट से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा, यह व्रत घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि लाने वाला माना जाता है।

**व्रत की विधि :** इस दिन व्रती महिलाएं प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। इसके बाद वे घर के आंगन में गोबर से लीप कर एक चौक बनाती हैं और उस पर हल और भगवान बलराम का प्रतीक बनाकर पूजा करती हैं। पूजा में विशेष रूप से हल से जुड़ी वस्तुएं जैसे कि हल्दी, चावल, और विभिन्न प्रकार के अनाज का प्रयोग किया जाता है। इस दिन हल का उपयोग करने की मनाही होती है, इसलिए व्रती महिलाएं इस दिन बिना हल के निकले हुए अनाज और फलों का ही सेवन करती हैं।

**व्रत की कथा :** हल षष्ठी व्रत की कथा के अनुसार, एक बार भगवान श्रीकृष्ण के भाई बलराम जी के जन्म से पहले माता रोहिणी ने यह व्रत रखा था। इस व्रत के प्रभाव से ही बलराम जी को अत्यधिक बलशाली और दीर्घायु होने का वरदान मिला।

एक अन्य कथा के अनुसार एक ग्वालिन दूध दही बेचकर अपना जीवन व्यतीत करती थी। एक बार वह गर्भवती दूध बेचने जा रही थी तभी रास्ते में उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर वह एक झरबेरी पेड़ के नीचे बैठ गई और वहीं पर एक पुत्र को जन्म दिया। ग्वालिन को दूध खराब होने की चिंता थी इसलिए वह अपने पुत्र को पेड़ के नीचे सुलाकर पास के गांव में दूध बेचने के लिए चली गई। उस दिन हलछठ का व्रत था और सभी को भैंस का दूध चाहिए था लेकिन ग्वालिन ने लोभवश गाय के दूध को भैंस का बताकर सबको दूध बेच दिया। इससे छठ माता को क्रोध आया और उन्होंने उसके बेटे के प्राण हर लिए। ग्वालिन जब लटकर आई तो रोने लगी और अपनी गलती का अहसास किया। इसके बाद सभी के सामने उसने अपना गुनाह स्वीकार कर पैर पकड़कर माफी मांगी। इसके बाद हर छठ माता प्रसन्न हो गई और उसके पुत्र को जीवित कर दिया। इस वजह से ही इस दिन पुत्र की लंबी उम्र की कामना से हलछठ का व्रत व पूजन किया जाता है।



## हरछठ व्रत में गाय का दूध, दही, घी और ये सामग्री भूलकर भी न खाएं

हिंदू मान्यता के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी का जन्म हुआ था. उन्हीं के नाम पर हर वर्ष हरछठ व्रत मनाया जाता है. इस व्रत को ललही छठ, हलछठ, हरछठ व रांधन छठ आदि नामों से भी जाना जाता है. ज्योतिषाचार्य पंडित पंकज पाठक ने स्थ्ष्ड्डद्य 18 को बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह व्रत संतान प्राप्ति व संतान की लंबी आयु के लिए किया जाता है।हलषष्ठी व्रत पूजा मुहूर्त : षष्ठी तिथि की शुरुआत 24 अगस्त को सुबह 07॒52 मिनट से होगी और 25 अगस्त को सुबह 05॒28 मिनट पर समाप्त होगी. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार हरछठ व्रत 25 अगस्त को मनाया जाएगा. हरछठ व्रत पूजन का सुबह का समय 07॒31 से 09॒08 बजे तक रहेगा. हरछठ के दिन व्रती महिलाएं महुआ की दातुन व महुआ खाने का विधान करती हैं। व्रत का महत्व : पंडित पंकज पाठक के अनुसार, मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से संतान को लंबी आयु की प्राप्ति होती है. इस व्रत को विधि-विधान से करने से संतान के जीवन में चल रहे सभी दुख-दर्द होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## बलराम को समर्पित हल षष्ठी व्रत

हल षष्ठी, जिसे हल षष्ठी व्रत के नाम से भी जाना जाता है, भगवान कृष्ण के बड़े भाई, हिंदू देवता बलराम को समर्पित है। हल षष्ठी 2025 की तिथि 14 अगस्त है। यह पारंपरिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। उत्तर भारत हल या हल बलराम का हथियार है और लोकप्रिय मान्यता है कि वे इसी दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे। इस दिन भगवान बलराम की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन आंशिक उपवास भी रखा जाता है। कुछ क्षेत्रों में, अधिकांश लोग, मुख्यतः विवाहित महिलाएँ, इस दिन केवल भैंस का दूध और दही ही ग्रहण करती हैं। यह पूजा शांतिपूर्ण जीवन और बच्चों के कल्याण के लिए की जाती है। इस दिन एक निश्चित स्थान को गाय के गोबर से लीपकर वहां बेर, गूलर और पलाश जैसे पेड़ों की शाखाएं लगाई जाती हैं और उनकी पूजा की जाती है।

इस दिन अविवाहित महिलाएं चंद्र षष्ठी व्रत रखती हैं। कुछ क्षेत्रों में इस दिन को बलराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

हाल सस्ती की कहानी : किंवदंती है कि कंस के उत्पीड़न से बचने के लिए भगवान बलराम को देवकी के गर्भ से रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया गया था। वृंदावन में, भगवान कृष्ण के आगमन के बाद, बलराम और कृष्ण बलराम ने अनेक साहसिक कार्यों में भाग लिया। बलराम दुर्योधन और भीम के गुरु भी थे। उन्होंने 18 दिनों तक चले महाभारत युद्ध में पांडवों या कौरवों की सेना में शामिल होने से परहेज किया।



# इन तरीकों से पता करें नारियल में पानी ज्यादा है या मलाई, मिनटों में कर लेंगे पहचान



नारियल एक ऐसा फल होता है, जो स्वाद और सेहत दोनों के लिए काफी अच्छा होता है। इसलिए कई महिलाएं ब्रेकफास्ट में नारियल पानी पीना पसंद करती हैं। किसी को नारियल का मीठा और ठंडा पानी पसंद होता है, तो कोई नारियल की सफेद मलाई का दीवाना होता है। लेकिन अपनी पसंद का नारियल खरीद पाना थोड़ा मुश्किल काम होता है। अगर आप भी नारियल खरीदने में कंफ्यूज हो जाती हैं कि कौन से नारियल में पानी ज्यादा होगा और किसमें मलाई, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स बताने जा रहे हैं, जिनको ध्यान में रखकर आप अपनी पसंद का नारियल खरीद सकती हैं।

**नारियल में पानी का ऐसे लगाएं पता :** नारियल में पानी की मात्रा देखने के लिए आप इसमें मौजूद तीन छेद से देख सकती हैं। अगर यह छेद सिकुड़े या सूखे हुए हैं, तो इसका मतलब है कि पानी कम है। इसलिए बेहतर है कि आप इसको न खरीदें और फ्रेश छेद वाला नारियल खरीदें। आप नारियल को हिलाकर चेक कर सकते हैं। अगर नारियल में से पानी की आवाज आ रही है, तो मतलब है कि पानी की मलाई बनने लगी है और पानी कम होता जा रही है। इसलिए आप इसको चलाकर भी चेक कर सकती हैं।


आप नारियल खरीदते समय कान के पास लाकर हिलाकर देख सकती हैं। ऐसा करने से नारियल के अंदर से पानी का आवाज आ रही है, तो यह पानी से भरा नारियल है।

वहीं पानी वाले नारियल का वजन ज्यादा होता है। वहीं अगर नारियल में मलाई होगी, तो यह हल्का भी होगा।

अगर नारियल मुलायम और हरा है, तो इसमें ज्यादा पानी मिलेगा। वहीं सूखा और भूरे रंग के नारियल में मलाई ज्यादा होती है। आप चाहें तो ऊपर से कटवाकर भी नारियल चेक कर सकती हैं।

कभी भी हल्का नारियल नहीं खरीदना चाहिए। क्योंकि अक्सर सूखा हुआ नारियल अंदर से खराब निकल जाता है। फ्रिज में ज्यादा देर तक पानी वाला नारियल नहीं टिकता है। इसलिए नारियल को खरीदते ही इसका इस्तेमाल करें। आप बड़े-बड़े नारियल खरीद सकते हैं, जिससे की दोनों चीजों का लुत्फ उठाया जा सके।अगर आप ज्यादा पानी वाले नारियल की तलाश में हैं, तो आपको गोल दिखने वाला नारियल खरीदना चाहिए। यह नारियल हल्के और कच्चे होते हैं और इनमें से पानी भी ज्यादा निकलता है। हालांकि इसमें मलाई बहुत कम निकलती है।

# नौकरी का डर होगा खत्म! एआई को अपना दोस्त बनाएं, इन तरीकों से बचाएं अपनी जॉब




बड़ी कंपनियों में ले-ऑफ की खबरें लोगों को डरा रहा हैं। लोगों का मानना है कि‚ढ्ढ रोजगार के लिए खतरा साबित हो रहा है। हालांकि इस बात में सच्चाई है कि एआई के कारण कुछ नौकरियों पर असर पड़ा है। लेकिन‚ढ्ढ की वजह से ही उससे भी ज्यादा लोगों के लिए मौके भी बने हैं। ह्यूमन टच, क्रिएटिव और स्ट्रैटजिक वाले रोल्स की डिमांड तेजी से बढ़ी है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप खुद को अपस्किल करें और थोड़ा सा कॉन्फिडेंस लाएं व एआईको अपना दोस्त बनाते हैं, तो यह तय है कि मार्केट में आपकी डिमांड कभी खत्म नहीं होगी।

**कस्टमर सर्विस :** पिछले साल एक स्डटी में कहा गया कि एआई से 60% कॉल सेंटर जॉब्स प्रभावित हो सकती हैं।

**मार्केटिंग :** हालांकि बेसिक डिजिटल मार्केटिंग रोल्स खतरे में हैं, लेकिन क्रिएटिव कैंपेन स्ट्रैटेजी ह्यूमन्स सरक्षित हैं।

**हेल्थकेयर :** डायग्नोस्टिक्स और रिकॉर्ड-कीपिंग को एआई टूल्स ऑटोमेट कर रहे हैं।

**एजुकेशन :** ट्यूटर्स और ऑटोमेटेड ग्रेडिंग सिस्टम्स बेसिक टीचिंग असिस्टेंट रोल्स एआई कम करने का काम कर रहा है।

**लीगल :** कॉन्ट्रैक्ट एनालिसिस और बेसिक रिसर्च को एआई ऑटोमेट कर रहा है। वहीं इसका असर पैरालीगल और जूनियर लॉयर्स पर भी है।

**जर्नलिज्म :** एआई का असर जूनियर जर्नलिस्ट्स और कॉपी एडिटर्स पर ज्यादा है। एआई कंटेंट मॉडरेशन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और बेसिक फैक्ट-चेकिंग कर रहे हैं।

**मैनेजमेंट :** मिड-लेवल और ऑपरेशनल रोल्स को भी एआई प्रभावित कर रहा है।

# नोबेल जीतने वाले पहले एशियाई थे रबींद्रनाथ टैगोर, इन देशों को दिया था राष्ट्रगान

भारत और बंगाल के बहुमखी प्रतिभा संपन्न विद्वान गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर का 07 अगस्त को निधन हो गया था। रबींद्रनाथ टैगोर एक लेखक, कवि, नाटककार, संगीतकार, चित्रकार, दार्शनिक और समाज सुधारक थे। उन्होंने बंगाल के अलावा भारतीय संस्कृति, संगीत और कला को नए आयाम देने का काम किया था। उनकी रचनाएं न सिर्फ देश बल्कि यूरोप में भी पसंद की जाती थीं। वह साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर यूरोपीय बने थे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर रबींद्रनाथ टैगोर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार : कोलकाता के जोड़ासाको ठाकुरबाड़ी में 07 मई 1861 को रबींद्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ था। इनके पिता देवेंद्रनाथ अक्सर यात्राओं पर रहते थे। ऐसे में इनका पालन-पोषण नौकरों ने किया था। इन्होंने सेंट जेवियर में शिक्षा हासिल की और बैरिस्टर की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए। जहां पर उन्होंने ब्रिजस्टोन पब्लिक स्कूल के बाद लंदन यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई की। लेकिन रबींद्रनाथ टैगोर बिना डिग्री लिए वापस भारत आ गए।



**लेखन और काव्य :** बता दें कि महज 8 साल की उम्र में रबींद्रनाथ ने पहली कविता लिखी थी। वहीं 16 साल की उम्र में उनकी कविता का संकलन छपा था। फिर उन्होंने छोटी कहानियों और नाटकों का संकलन अपने नाम से छपवाया। रबींद्रनाथ टैगोर की रचनाओं ने बांग्ला साहित्य को नई ऊंचाइयां दीं, जिसमें गोरा, गीतांजली और घरे बाइरे काफी फेमस रहीं।

संगीत से नाता : रबींद्रनाथ टैगोर ने भारत और बांग्लादेश का राष्ट्रगान लिखा और उसको संगीतबद्ध किया है। इसके अलावा श्रीलंका का राष्ट्रगान भी टैगोर की रचना से प्रेरित है। लेखन के अलावा रबींद्रनाथ ने अपने लिखे करीब 2230 गीतों को संगीतबद्ध किया है। जिसको रबींद्र संगीत के नाम से भी जाना जाता है।

स्वामी विवेकानंद के बाद रबींद्रनाथ टैगोर दूसरे ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने विश्व धर्म संसद को संबोधित किया। उन्होंने ऐसा दो बार किया था। रबींद्रनाथ टैगोर को महात्मा गांधी ने गुरुदेव की उपाधि दी थी। गांधी से वैचारिक मतभेदों पर रबींद्रनाथ टैगोर काफी मुखर थे, वहीं महात्मा गांधी भी उनका काफी सम्मान करते थे।

**मृत्यु :** अपने जीवन से अंतिम दिनों में रबींद्रनाथ टैगोर प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। वहीं 07 अगस्त 1941 में रबींद्रनाथ टैगोर का निधन हो गया था।

# इतिहास, विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

ओरछा की स्थापना राजा रुद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द ÷उद्योतका÷ से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है– ÷छोटा सा प्रकाश÷। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**राजा महल :** यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल :** यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊँचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर :** यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहाँ भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहाँ का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया और सैन्य सम्मान, इस मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर :** यह मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर :** इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।



**6. ओरछा के छतरी :** बेतवा नदी के किनारे स्थित ये स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

साहसिक पर्यटन और प्रकृति

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में। आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

कैसे पहुँचे : निकटतम रेलवे स्टेशन॒ झाँसी जंक्शन (18 किमी)

निकटतम हवाई अड्डा : ग्वालियर (120 किमी) या खजुराहो (175 किमी)

सड़क मार्ग : झाँसी से टैक्सी या बस द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है

ठहरने की व्यवस्था : ओरछा में सभी बजट के अनुसार होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे की सुविधा उपलब्ध है। मध्य प्रदेश टूरिज़्म द्वारा संचालित रिसॉर्ट और निजी होटल, दोनों ही पर्यटकों के लिए आरामदायक अनुभव प्रदान करते हैं।

**यात्रा का सर्वोत्तम समय :** अक्टूबर से मार्च के बीच ओरछा घूमने का सर्वोत्तम समय है। इस दौरान मौसम सुहावना रहता है और धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन भी देखने को मिलते हैं। ओरछा एक ऐसा गंतव्य है जहाँ इतिहास की कहानियाँ दीवारों पर चित्रित हैं, और जहाँ धर्म, संस्कृति और वास्तुकला एक साथ साँस लेते हैं। यह नगर उन लोगों के लिए है जो शांति, आध्यात्मिकता, और भारतीय विरासत को नजदीक से महसूस करना चाहते हैं। एक बार ओरछा की यात्रा, जीवनभर की स्मृति बन जाती है।

# अचानक बढ़ रहा है वजन और थकान, थायरॉइड के हो सकते हैं ये संकेत, जानें बचाव

क्या आपको ऐसा महसूस होता है कि हर महीने आपका थोड़ा-थोड़ा वजन बढ़ता जा रहा है। वहीं पुराने कपड़े टाइट लगने लगे हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो यह सिर्फ आपके खानपान के कारण नहीं है। बल्कि यह थायराइड का शुरूआती संकेत भी हो सकता है। थायराइड एक एंडोक्राइन ग्लैंड है, जोकि शरीर के मेटाबॉलिज्म को कंट्रोल करती है। जब यह ग्लैंड कम हार्मोन बनाती है, तो इसको हाइपोथायरायडिज्म कहा जाता है। इससे मेटाबॉलिज्म भी धीमा होता है और वेट तेजी से बढ़ सकता है।

कई बार लोग इसको सामान्य थकान या फिर उम्र का असर समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन जब हर महीने वेट बढ़ता है, तो थकान लगती है, मूड बदलता है और बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर आपको सतर्क हो जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थायराइड के क्या लक्षण हैं और वजन बढ़ने व कपड़े टाइट होने का क्या कनेक्शन है।

**थायराइड के कारण :** थायराइड हार्मोन आपकी शरीर की एनर्जी को मैनेज करता है। जब इस हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, तो शरीर की कैलोरी बर्न करनी की क्षमता भी घट जाती है। इस कारण फैट जमा होने लगता है और धीरे-धीरे वजन बढ़ता है।

मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है।


शरीर सुस्त और थका-थका रहता है।

कैलोरी कम खर्च होती है।

फैट मुख्य रूप से पेट, जांघों और चेहरे पर जमता है।

**क्यों टाइट होते हैं कपड़े :** थायराइड की वजह से धीरे-धीरे वेट बढ़ता है। इसलिए आपको लगता है कि हर महीने कपड़े थोड़े टाइट हो रहे हैं।

हर महीने 2-3 किलो वजन बढ़े, तो कपड़ों की फिटिंग बदलती है।




शरीर में पानी जमा होने की भी समस्या होती है।

सूजन की वजह से भी कपड़े टाइट हो सकते हैं।

**थायराइड के लक्षण :** बालों का झड़ना और स्किन का रूखा होना

कब्ज और डिप्रेशन की समस्या

थकान और नींद ज्यादा आना

चेहरे पर सूजन और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होनामहिलाओं में अधिक होता है थायराइड का खतरा

महिलाओं में हार्मोनल बदलाव अधिक होते हैं। खासकर पीरियड्स, प्रेग्नेंसी और मेनोपोज के दौरान। इसलिए महिलाओं को थायराइड का खतरा अधिक होता है। हार्मोनल असंतुलन से थायराइड एक्टिव हो जाता है। प्रेग्नेंसी और प्रसव के बाद भी महिलाओं में थायराइड होने की संभावना हो जाती है। वहीं 30-50 की उम्र के बीच महिलाओं को थायराइड का खतरा अधिक होता है।

**इलाज :** रेगुलर चेकअप कराना चाहिए। साथ ही हर 6 महीने में थायराइड टेस्ट कराना चाहिए।

स्ट्रेस कम करें और मेडिटेशन और डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज की सहायता लें।

रोजाना करीब 7-8 घंटे की नींद पूरी करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पीईटी, पीएमटी की फ्री में तैयारी, आवेदन कल तक

**खैरागढ़।** राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के द्वारा पीईटी व पीएमटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे एससी व एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय कोचिंग प्रदान करने के लिए योजना शुरू की गई है। योजना के तहत कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें 64 विद्यार्थी एसटी वर्ग से एवं 36 विद्यार्थी एससी वर्ग से होंगे। यह सुविधा उन छात्रों के लिए है जो ड्रॉप लेकर इंजीनियरिंग या मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 अगस्त को शाम 4 बजे है। इच्छुक और पात्र विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय (कलेक्ट्रेट परिसर) में जमा करें।

### विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक आवेदन

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। वर्तमान में अध्ययन केंद्र कोरबा, तहसील रोड, पीजी कॉलेज के बगल में पुराना कलेक्ट्रेट/पुराना आरटीओ (एनसीसी कार्यालय) में संचालित है। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम(आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफलाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती, दावा आपत्ति 17 तक

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पेण्ड्रीडीह में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र खोखराआमा, मारगांव, केरवां, दरगा, शांतिनगर, गेंराव, ढोंगदरहा 01, छुईढोढ़ा, डूमरडीह, मसान 01, कुदमुरा 01, सिमकेंदा 02, पेंड्रीडीह और आंगनबाड़ी केन्द्र विमलता में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक कुल 14 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त आवेदन अनुसार विकासखण्ड स्तरीय मूल्यांकन समिति के द्वारा प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक अनुमोदन उपरांत अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 17 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण), पता- सखी वन स्टाप सेंटर के आगे नरसिंग गंगा कॉलोनी वार्ड नंबर 35 खरमोरा, कोरबा में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है।

# विधायक गजेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

### मरीजों से संवाद कर चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता का लिया जायजा

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग का शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाक़ात कर उनकी कुशलक्षेम जाना और अस्पताल में ईलाज, दवाई और स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार को लेकर फीडबैक लिए। उन्होंने क्रमशः ओपीडी के आर्थो, आँख, न्यूरो, हड्डी, पर्ची काउंटर और मेडिसिन वार्ड पहुंचकर चिकित्सकीय स्टॉफ से मरीजों की संख्या, संसाधनों का फीडबैक लेकर मरीजों का त्वरित ईलाज करने की बात कहे। सिटी स्कैन, एक्सरे जैसे मशीनो उचित देखरेख, पैथलॉजी के उपकरण की जानकारी लिए।

औचक निरीक्षण में जिला अस्पताल पहुँचे विधायक गजेन्द्र यादव ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन और सीएचएमओ को ओपीडी के सभी विभागों में डॉक्टर व स्टॉफनिर्धारित समय पर उपस्थिति देने कहा। मौके पर उपस्थित सीएचएमओ और सिविल सर्जन को कहा की दुर्ग जिला मुख्यालय होने की वजह से जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों से नागरिक ईलाज कराने आते है, ऐसे में मरीज और परिजनों से अच्छा ईलाज और सहज व्यवहार अपनाएं जिससे उनको परेशानी न हो साथ ही दवाईयों की उपलब्धता और मेडिकल उपकरणों की जानकारी लिए। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जिला अस्पताल में मदर एंड चाइल्ड यूनिट वार्ड का विस्तार करने नई बिल्डिंग की स्वीकृति हो चुकी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण प्रारंभ होगा। इससे मातृ एवं नवजात शिशुओ की देखभाल की सुविधा में और इजाफा होगा। इसके अलावा पेइंग वार्ड बनाया जायेगा जिसमें 25 फोर बेड और डबल बेड वाला 20 रूम, 5 स्वीट रूम भी बनेगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में हमारा प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर उचित इलाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शिव नायक, गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, अनूप गटागट, हिमांशु सिंह, सीएचएमओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीषण मिंज, डॉक्टरगण एवं अस्पताल स्टाफउपस्थित रहे।

### कटक में सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता

# राजनांदगांव साईं प्रशिक्षण केंद्र की अंडर-19 टीम ने सुशीला बिरला स्कूल को 51-09 से हराकर जीता खिताब

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। साई प्रशिक्षण केंद्र राजनांदगांव और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अंडर-19 बालिका बास्केटबॉल टीम ने कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर द्वितीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने फाइनल मुकाबले में सुशीला बिरला बालिका स्कूल को 51-09 के अंतर से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। साथ ही प्रशिक्षकों और प्रबंधकों के मार्गदर्शन का भी उदाहरण है। प्रतियोगिता के दौरान टीम की एकजुटता, गति और रणनीति ने विरोधी टीम को पूरे खेल में दबाव में रखा। टीम की कप्तान निशा यादव ने उत्कृष्ट नेतृत्व किया। आयुषी पटेल, ईशा सिंह, नताशा प्रजापति, पूजा कंवर, तमन्ना, तन्नु, मनु सिंह, हर्षिका, श्रुति, अंजलि और सुमी ने अपने-अपने पोजीशन पर बेहतरीन खेल दिखाया। हर खिलाड़ी ने जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस उपलब्धि में साई कोच दिव्या धारावत का विशेष योगदान रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को तकनीकी और मानसिक रूप से सशक्त बनाया। टीम प्रबंधक अवनी यादव ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम की तैयारी और प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को और बढ़ाया।




# आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कला, भाषा और परंपराएं देश और प्रदेश की अनमोल धरोहर: विधायक भावना बोहरा



समवेत शिखर संवाददाता

**पंडरिया।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गोड़वाना भवन रणवीरपुर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं।

इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और उपस्थित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी अपनी परंपराओं, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजकर रखा है, जो आज पूरे देश और प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही आदिवासी हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं और प्रयास आदिवासी समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। विधायक बोहरा ने कहा- आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कला, भाषा, देव-पूजा, उत्सव, नृत्य और परंपराएं हमारे देश और प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं।

# जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान की शुरुआत

### 15 अगस्त तक चलेगा विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री प्रेमलता मंडावी के मार्गदर्शन में आज से जिले के सभी ग्रामों में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान के पहले दिन पंचायत स्तर के समस्त अमले, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर गांव की सफाई की तथा स्वच्छता की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को साफ-सफाई, स्वास्थ्य और तिरंगे के सम्मान के प्रति जागरूक किया। यह साप्ताहिक अभियान 15 अगस्त 2025 तक लगातार चलेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता से जुड़े विविध कार्यक्रम कृ श्रमदान, स्वच्छता शपथ, दीवार लेखन, तिरंगा सजावट, स्वच्छता पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, और जन जागरूकता रैलियां-आयोजित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता और देशभक्ति की भावना को एक साथ प्रोत्साहित करने का भी प्रयास है। 'हर घर तिरंगा' के तहत सभी नागरिकों से अपने घर, आंगन और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है, ताकि स्वतंत्रता दिवस पर पूरा जिला तिरंगे के रंग में रंगा हुआ दिखे। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों, सक्रिय सरपंचों और सचिवों को 15 अगस्त 2025 को आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि, स्वच्छता और देश भक्ति दोनों एक ही भावना के दो पहलू हैं।

# जेल में बंद भाइयों को बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

### दुर्ग सेंट्रल जेल में मेडिकल टीम भी रही मौजूद

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** केंद्रीय जेल दुर्ग में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। जेल में बंद भाइयों के कलाई पर बहनों ने रक्षासूत्र बांधा और क्राइम न करने का वचन लिया। एक बंदी ने भावुक होकर कहा कि जेल की चारदीवारी में भी बहनों का स्नेह हमें छू जाता है। यहां राखी बांधने की व्यवस्था के लिए हम जेल प्रशासन के आभारी हैं।

जेल अधीक्षक मनीष संभाकर ने बताया कि बंदी भाइयों की बहनें जेल आईं और राखी बांधी। जेल प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी की थी। सुरक्षा, पूजा व्यवस्था और मेडिकल टीम की तैनाती की गई थी। किसी बंदी को स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था भी रही। विधायक गजेंद्र यादव के निवास पर भी रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बड़ी संख्या में बहनें विधायक को रक्षासूत्र बांधा। साथ ही गजेंद्र यादव ने बहनों को मिठाई और उपहार देकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बहनों का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए समर्पित रहूंगा। एसएसपी विजय अग्रवाल को ब्रह्माकुमारी की दीदी ने राखी बांधी। उन्होंने भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता का संदेश दिया। त्योहार के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और सड़कों पर बढ़ते आवाजाही को देखते हुए शहर के भीतर और बाहर कुल 68 प्वॉइंट्स पर पुलिस बल तैनात किया गया। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने सभी ब्लैक स्पॉट और ग्रे स्पॉट को चिन्हित किया है। इन स्थानों पर यातायात पुलिस और सशस्त्र बल की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। दुर्ग पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा को लेकर सख्ती बरती गई है। शहर के भीतर 24 और बाहरी क्षेत्रों में 44 अलग-अलग स्थानों पर बल तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी यातायात नियंत्रण में जुटे हैं और आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए 15 राजपत्रित अधिकारियों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह विभिन्न समाज के लोगों से मिले

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा का बालोद आगमन हुआ। भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा और रेस्ट हाउस में उनका स्वागत किया। छाबड़ा ने पाटेश्वर धाम पहुंचकर दर्शन किए। इसके बाद बालोद गुरुद्वारा साहिब में मथा टेका। सिख समाज से भेंट की। बालोद महावीर भवन में जैन श्री संघ से मुलाकात की। बालोद रेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश यादव, राकेश छोटू यादव, शाहिद ख़ान, जितेंद्र साहू, प्रेम साहू, लोकेश श्रीवास्तव, राजेश दसोड़े, अकबर तिगाला, ताराचंद जैन, अरुण साहू, कासिम कुरैशी, श्याम जायसवाल, दमनदीप सिंह, संजय साहू, जावेद तिगाला, सलीम तिगाला, ताहिर ताज, फिरोज कुरैशी, रौनक कत्याल, प्रवीण सारडा, असरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# बालोद में आदिवासी समाज ने निकाली रैली

### पारंपरिक वेशभूषा में किया रेला पाटा नृत्य; समाज बोला-आयोजन से युवा पीढ़ी सांस्कृतिक विरासत को जान पाते हैं

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** इनडोर स्टेडियम में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह में जिलेभर के आदिवासी समाज के पदाधिकारी और सैकड़ों लोग शामिल हुए। दोपहर 12 बजे स्टेडियम से रैली निकाली गई, जिसमें आदिवासी वेशभूषा पहने समाज के युवाओं ने रेला-पाटा नृत्य की प्रस्तुति दी।

समारोह के दौरान सर्व आदिवासी समाज बालोद के जिलाध्यक्ष तुकाराम कोर्राम ने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत जानने और समझने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी जब अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ते है तब हम अपनी परंपराओं को संरक्षित करते हैं। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। जहां आदिवासी समुदाय के लोग अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में यह पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। रैली के दौरान आदिवासी समाज के प्रमुख जनों ने संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर, छत्तीसगढ़ महतारी और शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

# कलेक्टर ने महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे तिरंगा झंडा के कार्य का लिया जायजा

### सराहनीय कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्थानीय महिला स्वसहायता समूह भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में, बालोद जिले की कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बघमरा का दौरा कर स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगे झण्डे के निर्माण कार्य का जायजा लिया।

इस दौरान कलेक्टर ने वहाँ स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे तिरंगा झंडों के कार्य का अवलोकन कर ध्वज की गुणवत्ता के साथ-साथ स्व सहायता समूह की महिलाओं के इस सराहनीय कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम बघमरा में जय कपीलेश्वर महिला स्व सहायता समूह, सरस्वती स्व सहायता समूह, जय अंबे स्व सहायता समूह एवं नव ज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से अब तक तैयार किए गए कुल झंडो की संख्या, बिक्री एवं इससे होेने वाली आमदनी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने उनके इस कार्य की कुल लागत आदि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए ध्वज के गुणवत्ता का भी अवलोकन किया।

तिरंगे के निर्माण में लगे स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि ग्राम बघमरा में 04 स्व सहायता समूहों की 20 महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा बनाने में दिन-रात जुटी हुई हैं। इनके द्वारा अब तक 6,000 से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं, जिन्हें 35 रुपये प्रति झंडे की दर से बेचकर इन्होंने लगभग 2 लाख रुपये की आमदनी अर्जित की है। यह राशि न केवल उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा किए जा रहे तिरंगा निर्माण के कार्य को अत्यंत सराहनीय एवं सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि उनका यह कार्य राष्ट्र भक्ति के साथ-साथ स्वालंबन एवं आत्मनिर्भरता से भी जुड़ी हुई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जेएस राजपूत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# संवहनीय कृषि अंतर्गत सीआरपी चक्र का शुभारंभ

### महिला किसानों की आय एवं उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना अंतर्गत संवहनीय कृषि (सुस्टेनेबल एग्रीकल्चर) के लिए सी.एम.एस.ए. (सीआरपी सायकल) चक्र का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन गतिविधियों की उत्पादकता बढ़ाना, आय में वृद्धि करना तथा महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस सीआरपी चक्र का क्रियान्वयन कुल 64 कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन द्वारा 32 टीमों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत बेमेतरा के समस्त विकासखंडों में 40-40 ग्रामों का चयन किया गया है। प्रत्येक चयनित ग्राम में 100-100 महिला किसानों एवं पशुपालकों को 'कृषक पाठशाला सह प्रशिक्षण' के माध्यम से आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में खेती में बीजोपचार से लेकर कटाई प्रबंधन तक, सब्जी उत्पादन की उन्नत तकनीकें, पशुपालन में सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, और उच्च गुणवत्ता वाले पशुचारे के उत्पादन एवं उपयोग जैसे विषय शामिल हैं। इसका उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. 202507100600053 अ/2
वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्ञानेश्वरलाल देवांगन पिता सीताराम देवांगन निवासी गुढ़ियारी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भनसूली प.ह.न. 47 पाटन, जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 221/6 रकबा 0.0200 हे. भूमि पर औद्योगिक प्रयोजन में डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 20.08.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जाएगा

आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन

# शिवालयों में श्रावणी पूजा की हुई पूर्णाहुति, गंगा आरती की पूर्णाहुति आज

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सावन मास के अवसर पर शिवालयों में एक माह तक चले श्रावणी पूजा की रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा के दिन अभिषेक, हवन, पूजन के साथ पूर्णाहुति हुई। आसपास के प्रसिद्ध शिवालयों में मंदिर समिति व जजमानों द्वारा अभिषेक हवन किया गया। बम्हनी में बम्हनेश्वर महादेव मंदिर तथा सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 10 बजे से पूर्णाहुति का अभिषेक हवन हुआ।

7 किलो दूध से महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। पश्चात हवन पूजन में श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए पूर्णाहुति का सांखला अर्पित किया। ईश्वर साहू,नाथू बया समेत करीब 8 कंवरिये बम्हनी से जल लेकर सुबह साढ़े 5 बजे सिरपुर पहुंच गए थे। स्नान के बाद करीब 6 बजे पूर्णाहुति के रूप में जलाभिषेक किया। अभिषेक विधान धर्मेन्द्र गिरि गोस्वामी ने पूर्ण कराया। इसी तरह हवन विधान नारायण शर्मा ने पूर्ण कराया।

इस मौके पर ट्रस्ट कमेटी की ओर से मोहनलाल वर्मा, सुखीराम हिरवानी, अमन गिरि गोस्वामी, थनवार यादव, पदमन पाण्डेय, अमसेना से शेष नारायण अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, सरायपाली से राजू अग्रवाल, अमन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल तथा बोलबम समिति से बाबूलाल साहू शामिल हुए। बम्हनी में एक माह से चले गंगा आरती की पूर्णाहुति रविवार 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे की जाएगी। उक्त जानकारी समिति के रामेश्वर पाण्डेय ने देते हुए श्रद्धालुओं से पूर्णाहुति में शामिल होने की अपील की है।





## न्यूज ब्रीफ

### सशिमं में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा एवं शिशु वाटिका के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैयाओ का बहनों द्वारा तिलक आरती करके रक्षा सूत्र बांधा गया, और भैयाओं द्वारा बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा, प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रभारी आचार्या श्रीमती मनोज साहू, विद्यालय के बालिका शिक्षा प्रभारी श्रीमती दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सुश्री सरोजनी साव, श्रीमती तारिणी गोस्वामी, श्रीमती मल्लिका चंद्राकर, शिशु भारती प्रमुख श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती निशा गोस्वामी, शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती गुरुवारी सोनी, सुश्री टिकेश्वरी चंद्राकर, सुश्री साक्षी घोड़ीचोरे, सुश्री तनुजा साहू, सुश्री अर्चना साव, श्रीमती तनुजा साहू, आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, किरण साहू, अश्वनी साहू, अजीतराम साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, हेमंत साहू, अजय कुमार तांडी , खोजेंद्र कुमार साहू एवं विद्यालय के समस्त दीदी-आचार्यों पर सहयोग रहा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख पवन निर्मलकर एवं ललित कुमार सिन्हा ने दी है।

### हर घर तिरंगा को लेकर भाजपा शहर मंडल की हुई बैठक

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा शहर मंडल महासमुंद द्वारा देश में आयोजित 2 अगस्त से 15 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया था। जिसमें मंडल प्रभारी एवं पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका आदि उपस्थित थे। जिसमें शक्ति केंद्र बूथ एवं वार्डों में तिरंगा यात्रा व घर.घर तिरंगा झंडा लगाने के विषय पर बैठक कर रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक में मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू ,राजू चंद्राकर, एम आर विश्वनाथन, लाल विजय सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा शर्मा, सीता डांडेकर, सुनैना पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, पीयूष साहू, मनीष शर्मा, अमन वर्मा, नंदू जल क्षत्री, हिमांशु चंद्राकर, आकाश पांडे, मधु यादव, भगवती करकेसे, दुर्गा सर्व, नाइन खान, पांडू राम ,शरद मराठा, मसूद खान, सोनादर सोनवानी, गोपी कनौजै, सूर्य प्रताप सिंह, धनीराम यादव, समीर करकासे, गौरव राठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पालक-शिक्षक बैठक में एसडीएम हुए शामिल

**महासमुंद।** विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत गुरूवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खुसरूपाली नवाडीह में आयोजित पालक.शिक्षक मेगा बैठक में एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अभिभावकों की बड़ी संख्या, विशेषकर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखकर एसडीएम श्री साहू ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और इसे बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अभिभावकों की बढ़ती सहभागिता बच्चों की शिक्षा और अनुशासन सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैठक के दौरान एसडीएम श्री साहू ने प्रत्येक अभिभावक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया और बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, घर पर अध्ययन के माहौल और अभिभावकीय सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, होमवर्क की निगरानी करने और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय की सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया।

### महिलाओं से की बातचीत, योजनाओं के लाभ की ली जानकारी

**धमतरी।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज ग्राम कुकरेल प्राथमिक शाला एवं लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे प्राथमिक शाला पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण कार्य की स्थिति एवं पुस्तकालय का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और समझ की जानकारी ली और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत कलेक्टर श्री मिश्रा स्कूल के समीप स्थित लोकसेवा केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्होंने केंद्र में दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दी जा रही कानूनी जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा के मंशानुरूप जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता एक अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव श्रीमती आफरीन बानो के मार्गदर्शन पर जिले में, जिला अथवा तालुका स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसी परिपेक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र हरिचंद के द्वारा छोटे बच्चो की एक टोली बनाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम लोगों को कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चो को यह गुड़ सिखाया जा रहा है ताकि किसी आयोजित होने वाले आयोजनों मे मंच के माध्यम से कानूनी जागरूकता संबधित प्रस्तुति दी जा सके! जागृति योजना 2025 के तहत जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से प्रदान किया जा सकता है ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि नालसा की जागृति योजना 2025, जागृति जमीनी स्तर पर न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल नामक एक योजना है, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी जानकारी और सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और न्याय प्राप्त कर सकें।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में नए सदस्यों का श्रीफल-शाल से सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ'हरि ओम मे ओम समाया है, मेरा भोला नगर में आया है'भजन से शुरू हुई। बैठक में नवीन सदस्यों देव कुमार निर्मलकर,घनश्याम ध्रुव, केशव कुमार देवांगन, पवन कुमार देवांगन श्रीमती गायत्री साहू, गिरवर साहू का अंग वस्त्र, श्रीफल, सदस्यता सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसी प्रकार भागवत प्रसाद साहू का 80 वर्ष की आयु पूरी करने पर शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। तथा माह अगस्त में जिन पेंशनरों का जन्म दिवस है उनका जन्मदिन भी मनाया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के 200 की सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है। समिति के संयोजक बंसीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रू राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। बैइक में अशोक गिरी गोस्वामी जिला अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ, दिलीप तिवारी अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, सचिव बी आर देवांगन कार्यालय सचिव, बलराम ध्रुव कोषाध्यक्ष , मनराखन लाल ध्रुव, सदस्य एस आर देवांगन , आर के वर्मा, पवन कुमार देवांगन, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती राम बाई गुरुदत्ता, श्रीमती कुंती देवांगन, श्रीमती प्रभा पंडा, श्रीमती गायत्री साहू, रघुनाथ सिन्हा, बैसाखू राम निर्मलकर, बसंत कुमार चंद्राकर, आर के कश्यप, सी आर दीवान, बंशी लाल चंद्राकार, कन्हैया लाल दीवान, पी सी पुरोहित, भाव सिंह नेताम, चमन लाल चंद्राकार, रघुराज सेन, डी आर सोरी, अरुण बँसोड, लखनलाल कन्नौजे, चिंतामणि चंद्राकर, एमपी साहू, मन्नू लाल साहू, के एस देवांगन, सनद कुमार यादव, भोला राम, रामलाल श्रीवास्तव, भानु प्रसाद सूर्यवंशी, के के श्रीवास्तव, सनमान सिंह दीवान, डी के निर्मलकर, जे एल साहू ,ओंकार प्रसाद चंद्राकर, डीसी राव भोसले, ए एल साहू, के के चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, भागवत प्रसाद साहू, के के देवांगन, सालिक राम चंद्राकर, ताराचंद कौशिक आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मछली पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर जलाशय आबंटन हेतु आवेदन 13 तक

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अधीनस्थ सोनदादर जलाशय को मछली पालन कार्य के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिए जाने आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बागबाहरा ने बताया कि पट्टा आंबटन प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, जिसमें पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति एवं मछुआ समूहों, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग की पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसी तरह सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह आदि के स्व सहायता समूहों को, अनुसूचित जनजाति अधिसूचित क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्व सहायता समूहों एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहायता समूहों को तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व सहायता समूहों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसी प्रकार ऐसे मछुआ व्यक्ति जिन्हें डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर मछली पालन का प्रशिक्षण प्राप्त हो। बेरोजगार युवा जो मछली पालन में रुचि रखते हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात् मकान, भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गए हों, उन व्यक्तियों, परिवारों या उनके समूह, समिति को संबंधित जलक्षेत्र में पट्टे पर प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन प्रशिक्षण प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। आवेदक द्वारा आवेदन सहित आवश्यक दस्तावेज 13 अगस्त को शाम 5:30 तक जनपद पंचायत बागबाहरा के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य मछली पालन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। आवेदन करने के लिए विस्तृत जानकारी जनपद पंचायत बागबाहरा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

# नव्या योजना के तहत युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पीएमकेवीवाई के अंतर्गत युवाओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नव्या योजना शुरू की गई है। इस योजना का लक्ष्य देश में कौशल विकास को बढ़ावा देना और युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार के अवसर दिलाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीक्केंद्र जटवार ने बताया कि नव्या योजना को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से शुरू किया गया है। महासमुंद जिले में इस योजना का प्रशिक्षण जन शिक्षण संस्थान, स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के सामने स्थित केंद्र में दिया जा रहा है। इसके लिए बेरोजगार युवा, स्कूल या कॉलेज छोड़ चुके 16 से 18 वर्ष आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। प्रशिक्षण विभिन्न क्षेत्रों में दिया जा रहा है।

# एसपी के निर्देश पर धमतरी पुलिस की जनजागरूकता पहल, स्काउट गाइड कैंप में बच्चों को दी गई साइबर सुरक्षा,नशा मुक्ति और कानूनी जानकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री सूरज सिंह परिहार के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी मगरलोड उनि. लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा ग्राम रकाडीह मधुवन में आयोजित स्काउट गाइड कैंप में उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, नशा मुक्ति, यातायात नियमों एवं पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई।

इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के माध्यम से साइबर ठगी हो रही है और इससे कैसे बचा जाए। साथ ही नशे की लत से दूर रहने, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और बाल संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की संवेदनशीलता पर भी प्रकाश डाला गया। थाना प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार व समाज को भी इन विषयों पर जागरूक करें। धमतरी पुलिस का यह प्रयास समाज में सुरक्षा, सजगता और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में थाना मगरलोड पुलिस स्टाफ, स्काउट गाइड कैंप प्रभारी सहित अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से बच्चों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से कानून, नैतिकता और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुन्द।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर से ग्राम तुमाडबरी तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य अमी रूफस के निर्देशन में किया गया । हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता एवं एथलेटिक्स के अध्यक्ष पंकज चन्द्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार कन्नौजे, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक शांतनु वर्मा, संस्था के व्याख्याता जीआर टांडेकर एवं संस्था के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में येतराम साहू ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा घर.घर तिरंगा अभियान चलाकर राष्ट्र का प्रतीक भारतीय ध्वज तिरंगा की यात्रा निकालकर लोगों को हमारे तिरंगा के महत्व के बारे में बता रहे हैं।

स्वतंत्रता का उत्सवए स्वच्छता के संग थीम पर आधारित स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घरों में तिरंगा ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए ग्राम की गलियों में नारा लगाते हुए ग्राम का भ्रमण कर संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरमा, मितेश शर्मा, डॉ शशबीर कौर संधु, मदन कौशिक ,शनिदेव ठाकुर, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, अंशुमाला बारिक, राधिका शर्मा, अंजू चन्द्राकर, ऋतुराज देवांगन, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू के साथ स्कूली छात्र.छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धुरुति श्रीवास्तव ने एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

# बालक वर्ग में नूर सागर, हरिशंकर एवं बालिका वर्ग में निधि, टिकेश्वरी बनी विजेता

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन फॉरेस्ट ग्राउंड वन विद्यालय महासमुंद में अंडर 14, 17, 19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें बागबाहरा एवं महासमुंद के खिलाड़ी शामिल हुए। आयोजन में जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके खेल संसाधनों एवं खेल सुविधाओं की जानकारी ली। जिसमें जिले में खेल को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद का सहयोग मिल रहा हैं। खिलाड़ियों से परिचय एवं स्वागत पश्चात खेल प्रतियोगिता संपन्न कराया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य आदर्श हेमेंद्र आचार्य, पंकज चंद्राकर ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता को संपन्न कराने में व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई, अंजनी साहू, डॉ सेवन मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, इंद्राणी भास्कर, रोशनी ध्रुव, रामेश्वरी दीवान, चारु लता का योगदान रहा। प्रतियोगिता के परिणाम. सिंगल 14 वर्ष बालक वर्ग में नूर सागर ने प्रथम स्थान एवं ओजस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिंगल 14 वर्ष बालिका वर्ग में निधि ने प्रथम स्थान एवं रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डबल 14 वर्ष बालिका वर्ग में सिद्रा एवं जिज्ञासा की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं रिया एवं निधि की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डबल 19 वर्ष बालक वर्ग में पुष्पेंद्र व आशीष की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं अमन व अभय की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिंगल 19 वर्ष बालिका वर्ग में टिकेश्वरी ने प्रथम स्थान एवं मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कियाए डबल 17 वर्ष बालक वर्ग में हरिशंकर व केशव की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं महफूस एवं नवीन की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डबल 17 वर्ष बालिका वर्ग में ओमेश्वरी एवं मुस्कान की जोड़ी ने प्रथम स्थान एवं यामिनी व हंसी की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 3 सितंबर को चौबे कॉलोनी रायपुर में शामिल होंगे।

# विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव की तैयारी पूर्ण, बागबाहरा के मंडी प्रांगण में होगा भव्य आयोजन : अजय ध्रुव

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को वैश्विक स्तर पर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार,संस्कृति ,सभ्यता, परम्परा ,जल - जंगल और जमीन को संरक्षित करने तथा समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह मनाया जाता है।

सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन प्रति वर्ष की भांति प्रायोजित स्थल बागबाहरा के मंडी परिसर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।आयोजन की पूरी तैयारी की जा चुकी है। जिले भर के आदिवासी समाज जनों को महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।श्री ठाकुर जी ने बताया कि जिले भर में उत्सव को लेकर समाज जनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।कार्यक्रम की सफलता एवं भव्यता के लिए पूरी तैयारी की गई है।ईष्ट देवी देवताओं के पूजन अर्चन पश्चात डीजे के धुन पर युवाओं के द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी तथा उत्सव में सम्मिलित समाज जनों द्वारा एकता का परिचय दिखाते हुए ऐतिहासिक मुख्य रैली निकालकर नगर भ्रमण किया जाएगा साथ ही रैली में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक वेश भूषा में सुसज्जित होकर विभिन्न आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएगी।तत्पश्चात आमंत्रित अतिथियों के स्वागत सम्मान एवं उद्बोधन उपरांत मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री थानसिंह दीवान जी ने बताया कि महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने में सभी समाज प्रमुखों कार्यकर्ताओं एवं समाज जनों का पूर्ण सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ है। श्री दिवान जी ने कहा कि महोत्सव के आयोजन में समाज के प्रतिभावान छात्र - छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए मंच के माध्यम से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आरएसएस संघ ने किया रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन



**नवापारा राजिम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा नगर के श्रीराम प्रभात शाखा में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने परम पवित्र भगवा ध्वज को रक्षा सूत्र बांधा और रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर चर्चा किया तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधा। रक्षाबंधन के दिन देशभर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक अपने समाज के दुर्बल, वंचित वर्गों के बन्धु-भगिनियों के बीच में जाते हैं। हजारों स्वयंसेवक अपने यहां की सेवा बस्तियों (जहां मुख्यतः अनुसूचित जाति के बंधु रहते हैं) में जाकर वहां के पुरुषों के हाथों में राखी बांधते हैं। वहां के लोगों के साथ अपने व्यवहार से सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश देते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए नवापारा नगर के स्वयंसेवको ने नगर के वार्ड क्रमांक 15 देवार पारा में जाकर रक्षासूत्र बांधा। इस कार्यक्रम में सहप्रांत कार्यवाह श्री गोपाल यादव जी ने अपने उद्बोधन में कहा संघ में रक्षा बंधन भाई बहन का त्योहार नहीं बल्कि एक संकल्प है यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्वयंसेवक समाज का रक्षक है और हर राखी एक जिम्मेदारी का प्रतीक है उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे राजा बलि और माता लक्ष्मी की कहानी सुनायी कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर ग्रामीण जिला कार्यवाह श्री लोकनाथ साहू जी नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सोनी जी पार्षद नमू ध्रुव एवं संघ के स्वयंसेवक,नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### एसपी ने महिला कमांडो को सम्मानित किया

**भाटापारा।** सरपंच विलियम को एसपी भावना गुप्ता ने शराब, गांजा, व अन्य मादक पदार्थ विक्रय में पाबंदी लगाने की दिशा में बेहतर काम करने तथा गांव के किराना व अन्य दुकानों में डिस्पोजल बिक्री को बंद कराने के कार्य के लिए सम्मानित किया है। ग्राम के महिला कमांडो रूपा साहू कौशल्या निषाद तिलेश्वरी निर्मलकर सहोद्रा वर्मा गुड्डी वर्मा अमना नेताम गनेशिया वर्मा व पैंतीस महिला कमांडो सदस्य के सांथ नशा विरोधी तथा असामाजिक तत्वो को पकड़वाने में उल्लेखनीय सहयोग किया है।

### ग्रुप में श्यामा ध्रुव का सैनिक में चयन



**भाटापारा।** ग्राम बकुलाही निवासी मोहन ध्रुव की पुत्री श्यामा ध्रुव छत्तीसगढ़ नगर सैनिक होमगार्ड हॉस्टल ड्यूटी के पद पर चयनित हुई है। इनके छत्तीसगढ़ नगर सैनिक होमगार्ड हॉस्टल ड्यूटी के पद पर चयन होने पर माता श्रीमती दुलेश्वरी ध्रुव, पिता मोहन ध्रुव, भाई अजय एवं संजय ध्रुव, बहन - दुर्गा ध्रुव तथा मित्रगण राहुल गोस्वामी, उमेश देवांगन, राधेकृष्ण देवांगन, शंकर राव मोसा सहित समस्त ग्रामवासी ने बधाई दी है । श्यामा ध्रुव छत्तीसगढ़ नगर सैनिक होमगार्ड हॉस्टल ड्यूटी के पद पर चयनित होने से पहले ग्राम मोपका, में श्यामा च्वाईस सेन्टर संचालित करती थी। ग्राम बकुलाही, नगर भाटापारा से लगभग 20 कि.मी. दूर स्थित है।एक ग्रामीण परिवेश की युवती के शासकीय सेवा में अपने बलबूते चयनित होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है ।

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



**खरोरा।** इस प्रकार है कि मै आज दिनांक 08/08/2025 को मुखबीर से सूचना मिला की ग्राम परसदा पानी टंकी के पास आनंद डहरिया अपने हाथ मे धारदार चाकू लेकर लहरा रहा है। आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है सूचना पर थाना खरोरा पुलिस पार्टी एवं गवाह सूचना तस्दीक हेतु मय पेट्रोलिंग वाहन रवाना होकर कनकी बस स्टैंड में मिले गवाहों को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर नोटिस तामिल कर साथ लेकर बताये गये स्थान ग्राम परसदा पानी टंकी के पास गया जहां आनंद डहरिया अपने हाथ मे लोहे का धारदार चाकू रखकर लहरा रहा था डरा धमका रहा था आने जाने वालो को चाकू हवा में लहरा रहा था जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा नाम पता पूछने पर अपना नाम आनंद डहरिया पिता स्व0 देवनाथ डहरिया उम्र 28 वर्ष सा0 परसदा थाना खरोरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया जिसे चाकू रखने के संबंध में नोटिस दिया गया जो कोई कागजात नही होना लिखित में दिया जिनके कब्जे से एक धारदार चाकू लोहे को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया आरोपी आनंद डहरिया का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**भाटापारा।** स्थानीय बजरंग वार्ड निवासी 50 वर्षीय महिला भारती दुबे पति शिशिर दुबे ने कल रात अपने घर में फासी लगाकर आत्महत्या कर ली उक्ताशय की जानकारी नगर निरीक्षक शशांक सिंग ने देते हुये बताया है कि मर्ग जांच जारी है।

# सलाखों के पीछे भी महका भाईचारे का फूल: 161 बहनों ने 53 भाइयों की कलाई पर सजाया पवित्र रक्षासूत्र

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** रक्षाबंधन के इस पावन पर्व ने आज जिला जेल की सर्द दीवारों और लोहे की सलाखों में भी गर्माहट और अपनापन भर दिया। सुबह 9 बजे से ही बहनों का तांता लगना शुरू हुआ,और दोपहर 1 बजे तक 161 बहनें 53 भाइयों की कलाई पर पवित्र राखी बांध चुकी थीं।अभी भी बहनों का जेल पहुंचना जारी है,और हर राखी के साथ भावनाओं की एक नई कहानी जुड़ रही है।

जेल प्रशासन ने इस पर्व को विशेष और यादगार बनाने के लिए पूरी तैयारी की थी। बहनों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था,साफ सफाई,और स्वागत के लिए लगाए गए आकर्षक फ्लेक्स ने माहौल को और भी आत्मीय बना दिया।राखी बांधने के दौरान कई बहनों की आंखें नम हो गईं, तो कई भाइयों की आंखों में भी



परिवार की यादें तैर गईं।

जेल अधीक्षक ने कहा कि ÷भाई-बहन का रिश्ता किसी भी परिस्थिति में पवित्र और अटूट रहता है।आज का यह आयोजन न केवल रिश्तों को मजबूत करता है,बल्कि भाइयों के दिल में सुधार, अपनापन और नई राह पर लौटने की उम्मीद जगाता है।÷

इस आयोजन की सफलता में सहायक जेल अधीक्षक रवि कुमार भुआर्य, भरत दीवान, प्रमोद राव, वीरेंद्र बांधे, कुंजलाल सिन्हा, विक्रम भोई और नंकेश्वर सिंह का विशेष योगदान रहा।

आज की यह तस्वीर में जहां एक ओर सलाखों के बीच राखी का धागा बांधा जा रहा था, वहीं दूसरी ओर मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश पूरे समाज को दिया जा रहा था– कि चाहे दीवारें कितनी भी ऊंची हों, रिश्तों की डोर उन्हें पार कर जाती है।

## सीआरपीएफ एवं जिला बल के जवानों को शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों द्वारा बांधी गई राखी

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** रक्षा बंधन के दिन पुलिस कैंप दर्रीपारा में तैनात सीआरपीएफ एवं जिला बल के जवानों के साथ स्कूली बच्चों ने बड़े हर्षउल्लास के साथ रक्षाबंधन के पावन पर्व को राखी बांध कर मनाया।स्कूली बच्चों के आने से सीआरपीएफजवानों के अंदर अपने परिवार से दूर रह कर इस त्यौहार में अपने परिवार के बीच न हो पाने के अकेलेपन को दुर कर खुशी का अहसास दिलाया।

## संभाग स्तरीय कराते प्रतियोगिता के लिए 63 खिलाड़ी हुए चयनित



समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय गजानंद महाविद्यालय में जिला स्तरीय खेल का आयोजन किया गया जिसमें कराते खेल में बलौदा बाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल के 170 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

आयोजित प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर 63 खिलाड़ी चयनित हुए जो कि आगामी 10 सितंबर को धमतरी में होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतिस्पर्धा में विकासखंड योगेश कटलिया ऋषभ सिंह चौहान ,विक्रम सिंग चौहान ,नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, हर्ष देवांगन, महेश राजपूत, विपिन साहू, गौरव साहू,भानु देवांगन, मोहन वर्मा गुलाबचंद साहू, नेहरू निर्मलकर ,अंश शुक्ला, प्रवीण मोहले, दिनेश साहू ,नीलम ध्रुव ,किरण साहू, सुधीर साहू , शिबू मानिकपुरी, प्रतीक द्विवेदी , जयकिशन साहू , नीलम साहू , रिचा यादव , अनुपमा सोनी , अदिति कुर्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यास्मीन अफरोश, हेमलता कन्नौजी , राजेश मंडली ,योगिता गुरुर, शरद पंसारी ,तरुण सेन, चंद्रकांत बांगड़े , लोक सिंह दीवान ,उमा प्रसाद राठौर एवं अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व कोमल शर्मा मौजूद थे।

## खपराडीह से कचरा सेंटर हटाने की मांग

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** शहर सीमा से लगे ग्राम खपराडीह के निवासियो ने प्रशासनिक अधिकारियो को ज्ञापन सौपकर कहा है कि उनकी गांव की आबादी लगभग 1700 है ।

वही पर सिचाई कालोनी व कृषि कालोनी स्थित है । गांव के वार्ड क्रमांक 01 में सम्पूर्ण भाटापारा शहर का गिला व सूखा कचरा के साथ ही अपशिष्ट पदार्थ वहा पर फे का जा रहा है । और कचरा के सूखते ही वहा उसे जलाया जाता है जिसके कारण पुरे वातावरण मे गंदगी व धुआ फै लने से गाव



वासी परेशान है । साथ ही गांव वालो के सेहत मे बुरा प्रभाव भी पड़ रहा है । कचरा के विशाल डंप के कारण बोर का पानी भी पीने लायक नही रह गया है । इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग सरपंच ज्ञानचंद नेताम राजेन्द्र उपाध्याय भुनेश्वर ध्रुव , अशोक ध्रुव, अमीत वर्मा, करण सेन सहित अन्य लोगो ने की है ।

## धूमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** भाई और बहनों के बीच विश्वास और कभी न टूटने वाली आस्था का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन कुरूद सहित ग्रामीण अंचल में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया । सुबह से ही इस पर्व को लेकर सभी वर्गो में विशेष उत्साह नजर आया। इसके साथ ही पर्व के चलते कुरूद बाजार गुलजार रहा।जहां मिठाईयां,गिफ्ट और राखियां खुब बिकीं।

घरों में पर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई थी । शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को विधिवत तिलक लगाते हुए आरती उताकर रक्षासूत्र बांधते हुए उनका मुंह मीठा कर पर्व की खुशियां बांटी।छोटे बच्चों में पर्व का एक अलग ही उत्साह रहा।उन्होंने विश्वास और आस्था के प्रतीक धागे को बांधकर इस उत्सव की खुशियां बिखेरी।बेटियो ने



हाथों में मनभावन मेहंदी लगाकर और घरों में रंगोली सजाकर पर्व की खुशियों में चार चांद लगा दिया।

भारतीय धर्म-संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बाँधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बाँधती है, जिसे राखी कहते हैं।रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत-जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी महँगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबन्धन के दिन बहने भगवान् से अपने भाईयों की उन्नति के लिए प्रार्थना करती हैं।सामान्यतः बहनें ही भाइयों को राखी बाँधती हैं, परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बन्धियों भी बाँधी जाती है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते है। यह त्यौहार हमारे विश्वास को ,हमारे रिश्तों की पवित्रता को हमें समझाता है।इस पर्व से हम भाई बहन के रिश्तों के मर्म को समझते है और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है।

## आदिवासी परम्पराओं, संस्कृति और पर्यावरण, अधिकारों को सहेजने पर जोर

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।**विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के मंडी प्रांगण में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ आदिवासीयों के आराध्य पूर्वजों बिरसामुंडा, गुंडाधुर, कात्याभील, अम्बेडकर क़ी पूजा अर्चना से क़ी गई इस दिवस पर आदिवासी समाज की परंपराओं, कला, संस्कृति और अधिकारों,सहित जल, जंगल, जमीन को बचाने को लेकर आह्वान किया गया।

कार्यक्रम कआयोजन अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् एवं समस्त ध्रुव गोंड़ समाज,अमात गोंड़ समाज, अखिल भारतीय हल्बा समाज, राज गोंड़ समाज, नगारची समाज, गोंड़वाना समाज, बिंझवार समाज, संवरा समाज, कमार समाज, भुजिया समाज कंडरा समाज, पठारी समाज, पारधी समाज, कंवर समाज समस्त आदिवासी समाज,के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, प्रवक्ता एवं विशेष अतिथि सतीश पेंडम (अध्यक्ष, ब्रिजा ब्रिज), जनक ध्रुव (विधायक, बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र)निलीमा श्याम जी (जिला पंचायत सदस्य, बालोद) देवकुमार धान (पुर्व मंत्री बिहार एवं आदि. धर्म कालम सम. समिती भारत)तरुण नेताम (महा प्रबंधक विद्युत विभाग छत्तीसगढ़)ओंकार शाह जी (पूर्व विधायक बिन्द्रानवागढ़) भगवान सिंह उइके जी




(जिलाधीश जिला गरियाबंद) जी.आर. मरकाम जी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जि.पं. गरियाबंद) उमेन्दी कोर्राम जी (अध्यक्ष अ.भा.आ.वि.परिषद गरियाबंद) कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक नृत्य और गीतों से हुई, जिसमें युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ताओं में जनक राम ध्रुव ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी संस्कृति, भाषा और जीवनशैली में निहित है, जिसे संरक्षित और संवर्धित करना सभी की जिम्मेदारी है। हमारे अधिकारो को बचा कर रखने क़ी जरूरत है, हमारी संस्कृति को सजो कर रखने क़ी जरूरत है. आज प्रदेश के मुखिया खुद इसी वर्ग से आते है पर अभी तक उनके तरफ सें आदिवासियों को लेकर कोई संदेश नहीं आया है. जिस आरक्षण के बाल पर विधायक बने प्रदेश के मुखिया बने आपका अपने समाज के प्रति भी कोई जम्मेदारी बनती है । मजरकट्टा स्थित आदिवासी भवन के लिए 5 लाख रूपये क़ी घोषणा क़ी। मुख्य वक्ता के रूप में सतीश पेंडम ने अपने ओजस्वी सम्बोधन में कहाँ क़ी आज के समय में आदिवासियों को अपने आदिवासी होने को लेकर संघर्ष करना पढ़ रहा है, हमसे जंगल छीने जा रहे है हमें अपनी मिट्टी से बेदखल किया जा रहा है क्युकी आपकी भूमि के नीचे उन्हें खनिज मिल रहे है, कारपोरेट, पूंजी पति लोगो को हमारे जंगल उजाड़ने की अनुमति दी जा रही है। हजारों वर्षो से आदिवासी जंगलो को संजो कर रखा वंही उसकी पूजा, वंही उसकी मिल्कीयत है। उसने है भारत के पर्यावरण संभाल के रखा अब उसको विभि न्न आरोप लगा कर जंगलो से हटाने की साजिश चल रही है। युवाओ से कहाँ की अब हमारी पीढ़ी की आखरी लड़ाई है हमें अपने आधीकारो को लेकर सहज होना होगा। पढ़ो लिखो ज्ञान अर्जित करो और संवैधानिक रूप से अपनी आवाज़ बुलंद करे। अब सभी आदिवासियो को जाति भूल कर एक मंच पर आना होगा।

## भाजपा मंडल राजिम में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यशाला आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** आज भाजपा मंडल राजिम द्वारा यादव धर्मशाला राजिम में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आयोजित किया गया

जिसमें मुख्य वक्ता छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि बूथ एवं शक्ति केंद्र में भव्य तिरंगा यात्रा एवं प्रत्येक घरों में तिरंगा लगाने आह्वान किया आगे कहा कि यह अभियान न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान और आदर को बढ़ावा देता है, बल्कि देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश



साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि 15 अगस्त के अवसर पर हम सभी को अपने घरों में और प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराना है रिकेश ने आगे कहा तिरंगा यात्रा एक ऐसा आयोजन है जो हमारे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है। यह यात्रा हमें हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को बढ़ावा देती है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम अपने देश के इतिहास, संस्कृति और मूल्यों को याद करते हैं। यह यात्रा हमें हमारे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों की याद दिलाती है।

इस कार्यक्रम में पूर्व ज़िला अध्यक्ष डा.रामकुमार साहू जी, ज़िला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू जी, न.प अध्यक्ष महेश यादव,राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नप उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया,मंडल उपाध्यक्ष भारत सिन्हा, नारायण साहू, कमल नारायण देवांगन, सुकून साहू, मंडल मंत्री राजेश परमार, मीना ध्रुव,लोकेश सोनी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता आशीष शिंदे, प्रदीप जैन,लाला साहू,संजीव साहू, सोमनाथ पटेल, पूरन यादव, ऋषि दुबे, ओंकार साहू, देवकी साहू,मधु नथानी, ममता यादव,वीरेंद्र साहू, युवराज पटेल, छन्नू लाल साहू, सभापति कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, भारत यादव, अजय पटेल, गोविंद पाल, जिनेंद्र साहू, प्रवीण पुष्पाकर, आनंद साहू, मंतुराम साहू, जगत राम साहू, टीकम सेन, तेजेश्वर सेन, दुर्गेश धीवर, बादल साहू, परमेश्वर विश्वकर्मा, तुकाराम तारक, राधेश्याम सोनी,बलराम भगत, श्याम साहू, हरक साहू, रमेश साहू, रोमन बंजारे, राजकुमार साहू, ओमप्रकाश रात्रे सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मामूली वाद-विवाद पर पति ने किया पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### साक्ष्य छुपाने की नियत से पत्नी की हत्या कर शव को फेंका था, झरिया बहरा के टिकरा में

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** मामूली वाद-विवाद पर पति ने किया पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की नियत से पत्नी का शव को झरियाबहरा के टिकरा में फेक दिया था।इस हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार सूचक नकुल राम नागेश निवासी ग्राम पेण्ड्रा थाना शोभा द्वारा थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि झरियाबहरा निवासी अमृत यादव की पहली शादी मंजु यादव निवासी ग्राम खरहरी सडक परसुली पास थाना छुरा के साथ हुआ था।कुछ वर्ष पहले अमृत यादव द्वारा प्रार्थी की बेटी उमा नागेश निवासी पेण्ड्रा थाना शोभा प्रेम विवाह किया था। उमा बाई की 2 लडकी 1 लडका है। पिछले दो-तीन वर्षो से दोनो के बीच लडाई झगडा विवाद होने लगा।अमृत यादव प्रार्थी की बेटी उषा के साथ परिवारिक बातों को लेकर वाद विवाद,झगडा लडाई मारपीट करता रहता था।वही 5 अगस्त को अमृत यादव का बेटा के द्वारा सूचना दिया की मां उमा घर में नही है,कही चली गई है जिससे बच्चे घर पर रो रहे है।उमा बाई को बहुत ढुंढने के बाद ग्राम झरियाबहरा बरन



डोंगरे के बाडी टिकरा में उषा बाई का शव पडा हुआ मिला है।जिसकी सूचना पर थाना मैनपुर मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया।प्रकरण में मर्ग जांच के दौरान शव का पीएम रिपोर्ट में मृतिका उषा बाई की मृत्यु गला घोटने के दौरान गर्दन का हड्डी टुटने से होना लेख है।पीएम रिपोर्ट के आधार पर मामला हत्या का पाये जाने से अपराध धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।मृतिका की मृत्यु के संबंध में पुछताछ के दौरान जानकारी मिला की मृतिका उमा बाई की हत्या की गई है।जिस पर मृतिका के पति अमृत यादव को पुलिस अभीरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि 5 अगस्त को मेरा बेटा मुझे फोन करके बताया कि मां घर में नही हैं और बच्चे लोग रो रहे है। अपने मिस्त्रि काम से घर वापस आ कर उमा बाई को ढुंढने पर शराब के नषे में खटीया(चारपाई) में बैठी हुई थी।जिसे कहां गई थी,पुछने पर कुछ नही बोली तो आरोपी अमृत यादव के द्वारा जान से मारने की नियम से आवेश में आकर अपनी पत्नी मृतिका उमा बाई को मारपीट किया। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु होने की बात को छुपाने के लिए आरोपी के द्वारा मृतिका उमा बाई को ग्राम झरियाबहरा बरन डोंगरे के बाडी टिकरा में फेक दिया था।आरोपी अमृत यादव पिता सुनील यादव उम्र 44 वर्ष के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना मैनपुर पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

## सावन मास परायण की पूर्णाहुति आज

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** नगर के मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार एवं नगर वासियों द्वारा श्रावण मास में एक माह तक रामचरितमानस का मास परायण किया जा रहा है जो कि पूर्णिमा को पूर्ण होगा इसकी पूर्णाहूति हवन 10 अगस्त रविवार को प्रातः 11:00 बजे से मानस मंदिर में रखा गया है। प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन की नगरवासी धर्मप्रेमियों को प्रतिक्षा रहती है विगत दो वर्षों से नगर की बेटियां भी इस अनुष्ठान में शामिल हो रही हैं पूर्णाहुति के दिन मास परायण में शामिल शिक्षक मानस परिवार एवं नगरवासी पाठक गणों का नगर के विभिन्न संगठनों संस्थाओं के द्वारा सम्मान भी किया जाता है इस आयोजन में मानस मंदिर के अध्यक्ष ओंकार शाह जी का विशेष संरक्षण एवं समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन सहयोग मिलता है बोल बम समिति का भी सहयोग सराहनीय रहता है मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय द्वारा विधि विधान से पूर्णाहुति हवन आरती कराया जाता है इस दिन अपने अपने घर में मानस पाठ करने वाले रामायणिकों को भी हवन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है साथ ही नगर के व्यापारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समाजसेवक पत्रकार धार्मिक संस्थाएं भी शामिल होते हैं पूर्णाहुति हवन की तैयारी में शिक्षक मानस परिवार के सदस्य लगे हुए हैं सभी को कार्य विभाजन कर दायित्व सौंपा गया है। प्रमुख रुप से कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन ललित कुमार वर्मा हीरालाल साहू मनहरण लाल पटेल ओमप्रकाश यादव पोषण लाल वर्मा पुखराज ठाकुर विमल पुरोहित रामकुमार साहू केशव प्रसाद साहू घनश्याम सिन्हा रुपेश शर्मा रोशन शर्मा सुधा शर्मा सविता पटेल भूमिका वर्मा मोनिका साहू कावेरी पटेल देविका पटेल उपेन्द्र पटेल यज्ञनारायण वर्मा ओमप्रभा साहू तारा महराज रमेश जायसवाल गनेसुराम आदि आयोजन में प्रत्यक्ष रुप से एवं अन्य गण अप्रत्यक्ष रुप से दायित्व निर्वहन कर रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पालिका में सूरज भोई बने सांसद प्रतिनिधि



**भाटापारा।** नगर पालिका के पूर्व पार्षद धुरंधर वार्ड निवासी सूरज भोई को पालिका परिषद में प्रशासनिक एवं अन्य कार्यों के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है उक्त नियुकित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अनुशंसा पर की गयी है। भोई की नियुक्ति पर सुनील यदु मोहन बांधे महाबल बघेल, सुदामा मंधान ,पवन वर्मा ,परस देवांगन सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता नें बधाई दी है । अपनी नियुकित पर सूरज भोई ने बृजमोहन अग्रवाल शिवरतन शर्मा अश्वनी शर्मा के प्रति आभार प्रकट करते हुये दिये गये दायित्व का पुरी तरह निर्वहन करने का भरोसा दिलाया है।

### रक्षाबंधन पर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दुर्ग से रायगढ़ के बीच



**भाटापारा।** दुर्ग से रायगढ़ के बीच 10 अगस्त को रेल प्रशासन रक्षाबंधन त्यौहार में भारी भीड़ को देखते हुये मेमू लोकल ट्रेन चला रही है। जो दुर्ग से सुबह साढ़े 10 बजे रवाना होगी और 12 बजकर 50 मिनट पर भाटापारा आकर निपनिया , दगोरी , बिल्हा , चकरभाटा, दाधापारा बिलासपुर सहित आगे के सभी रेल्वे स्टेशन पर रुकते हुए शाम पौने 7 बजे रायगढ़ पहुंचेगी और वापसी में रात 7 बजे रायगढ़ से रवाना होकर रात 10 बजे भाटापारा पहुंचकरहथबंध तिल्दानेवरा बैकुठ सिलयारी माढंर उरकुरा रायपुर व आगे के अन्य स्टेशनो पर रूकते हुये दुर्ग के लिए रवाना होगी।

### तहसील साहू समाज की बैठक आज

**नवापारा राजिम।** तहसील साहू समाज की बैठक 10 अगस्त रविवार को दोपहर 12 बजे साहू समाज भवन बेलभाटा अभनपुर में रखा गया है.तहसील साहू समाज के मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने बताया इस अवसर पर सामाजिक गतिविधि एवं सामाजिक एकजुटता पर आवश्यक रूप से चर्चा कर सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा. इस अवसर पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू,कार्यकारी अध्यक्ष तुलेश कुमार साहू,उपाध्यक्ष लोकेश साहू सहित तहसील साहू समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

### दिसंबर से भोपाल-लखनऊ और भोपाल-पटना रूट पर दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

**भोपाल।** भोपाल से लखनऊ और पटना के लिए वंदे भारत ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे की योजना के अनुसार, दिसंबर 2025 तक इन दोनों रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें शुरू की जा सकती हैं। भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) सौरभ कटारिया ने बताया कि इन दोनों ट्रेनों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है, सिर्फअंतिम स्वीकृति का इंतजार है। जैसे ही निर्देश मिलेंगे, संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। भोपाल से लखनऊ के लिए प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन में यात्रियों को चेयरकार और एग्जीक्यूटिव क्लास दोनों का विकल्प मिलेगा। यह ट्रेन आठ कोचों की होगी और पूरी तरह से डे-रन सेवा पर आधारित रहेगी। यह हाईस्पीड ट्रेन राजधानी भोपाल से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक का सफर करीब 8 से 9 घंटे में पूरा करेगी।

# बहनों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

## रक्षाबंधन पर जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ : बिहान की 12 दीदियों को ई-रिक्शा का उपहार

समवेत शिखर संवाददाता






**जशपुर।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया से जशपुर एक्सप्रेस का शुभारंभ किया और बिहान योजना से जुड़ी 12 दीदियों को राखी के उपहार स्वरूप ई-रिक्शा प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं स्व-सहायता समूह की महिला श्रीमती गिलसोनिका पाण्डे के ई-रिक्शा में बैठकर बगिया निवास परिसर की यात्रा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इसकी परिचालन लागत भी कम है। इससे महिलाएं स्थानीय परिवहन सेवाओं में अपनी भागीदारी निभाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगी। उन्होंने रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की सभी बहनों की सुरक्षा और सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्व-सहायता समूह की बहनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही यह ई-रिक्शा वितरण किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 18 लाख आवास का कार्य तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आवास प्लस प्लस योजना के अंतर्गत 5 एकड़ असिंचित भूमि, 2.50 एकड़ सिंचित भूमि, टू-व्हीलर और 15 हजार रुपये मासिक आमदनी वाले पात्र परिवारों को भी लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख बहनों को प्रति माह 1000 रुपये दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य 5500 रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। गांवों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिन्हें आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक-केंद्रित बनाया गया है। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाएंगे। कार्यक्रम में बताया गया कि ई-रिक्शा का संचालन जिले के विभिन्न रूट्स पर महिला संचालकों द्वारा किया जाएगा। फरसाबहार में प्रतिमा भगत फरसाबहार- कन्दईबहार- अमडीहा- तपकरा मार्ग पर, मदनावती लवाकेरा- अमडीहा- पुराईनबंध- समडमा- तपकरा मार्ग पर, राजकुमारी पैंकरा तपकरा-कन्दईबहार- तुबा- फरसाबहार मार्ग पर और उर्मिला भगत खुटगांव- सिंगीबहार- साजबहार- तपकरा मार्ग पर परिचालन करेंगी। इसी तरह, दुलदुला में बिंदेश्वरी देवी कोसा- दुलदुला- विपतपुर- छेरडांड मार्ग पर, पार्वती साय कोसा- दुलदुला- पतराटोली- लोरो- बम्हनी मार्ग पर, संगीता देवी छेरडांड- लोरो- बम्हनी- कस्तुरा मार्ग पर और बिमला देवी छेरडांड- दुलदुला- लोरो- पतराटोली मार्ग पर परिचालन करेंगी। कांसाबेल में गिलसोनिका पाण्डे टांगरगांव- हथगड़ा- कांसाबेल मार्ग पर, तियासो पैंकरा बांसबहार- दोकड़ा- पुसरा- खुंटीटोली- कांसाबेल मार्ग पर, नीता रवानी कटंगखार- दोकड़ा- बन्दरचुंआ- कांसाबेल मार्ग पर और अंगावती बाई देवरी- दोकड़ा- छाताबर- कांसाबेल मार्ग पर ई-रिक्शा का परिचालन करेंगी। इस अवसर पर कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, श्री उपेन्द्र यादव, श्री गणेश जैन एवं श्री रवि यादव उपस्थित थे।

# रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक : मुख्यमंत्री




समवेत शिखर संवाददाता


**जशपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया स्थित कैंप कार्यालय में रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित बहनों ने राखी बांधकर आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना की हितग्राही दीदियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएँ, मितानिन और स्व-सहायता समूह की बहनों ने भी मुख्यमंत्री श्री साय की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीर्घायु की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते, स्नेह और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और मोदी जी की गारंटी का अर्थ है–वादा पूरा होने की गारंटी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जशपुर के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि जशपुर जिले में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथेरेपी एवं उद्यानिकी कॉलेज, 200 बिस्तरों का अस्पताल और बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए हर्राडांड (कुनकुरी) में प्रदेश का पाँचवाँ पावर प्लांट स्थापित करने की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जशपुर के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।इस अवसर पर श्री उपेंद्र यादव, श्री सुनील गुप्ता, सरगुजा कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधिगण, स्व-सहायता समूह की दीदियाँ और हितग्राही महिलाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# देश की रक्षा में आदिवासी समाज का अतुलनीय योगदान : शिवरतन

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गोंड समाज खैरा चक द्वारा ग्राम मेकरी में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं दी, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ-साथ धार्मिक परम्पराओं, आस्था के केन्द्रों, पौराणिक सज्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को सभी नमन करते हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा की वीरता और बूढ़ादेव की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जीवंत हो उठती है। भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वतर्मान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। आजादी की लड़ाई का भी पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी समाज की वीरता से भरा पड़ा है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है। वे देश का सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है।देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहा छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा। शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार आदिवासियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है, साथ ही छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज से आने वाले विष्णु देव साय प्रदेश के मुखिया के रूप में आदिवासी समाज के कल्याण हेतु कार्य कर रहें हैं। उपरोक्त अवसर पर अमर मंडावी,बंशी लाल नेताम, रेवती राजेश पटेल, देवक साहू,लक्ष्मी नारायण शर्मा, सियाराम चक्रधारी, दुकालू ध्रुव, राम सिंह ध्रुव, गौकरण छेदइहा, राजपाल छेदइहा, सुखराम गुरूजी, हीराराम मरावी, मोहन पोर्ते,बुधराम मरावी, सेतराम मरावी, विष्णु मरावी, लखेश्वर नेताम, रविशंकर मरकाम, हरगोविंद नेताम, झूमुक नेताम, दयाराम नेताम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रधान पाठक की शर्मनाक हरकत

## शराब पीकर चड्डा पहनकर स्कूल पहुंचे, पकड़े जाने पर खुद कबूला

### 'डॉक्टर की सलाह पर रोज एक पाव पीता हूं'

समवेत शिखर संवाददाता



**अंबिकापुर।** जिले के वाड्रफनगर ब्लॉक में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां के प्राथमिक शाला रूपपुर के प्रधान पाठक मनमोहन सिंह शराब के नशे में, हाफपैंट (चड्डा) पहनकर स्कूल पहुंच गए। यह दृश्य कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

#### डॉक्टर के नाम पर मांगा 'एक पैग'

जब मीडिया ने मनमोहन सिंह से इस बारे में बात की, तो उन्होंने एक चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा, ÷मैं डॉक्टर की सलाह पर रोज 'एक पाव' शराब पीता हूं।÷ उनका यह बयान सुनकर हर कोई हैरान है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब प्रधान पाठक इस तरह के व्यवहार के लिए चर्चा में आए हैं।

#### शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरा बर्ताव

स्थानीय लोगों का कहना है कि मनमोहन सिंह अक्सर नशे की हालत में स्कूल आते हैं। इस बारे में पहले भी दो बार लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं और उन्हें नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन उनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों ने इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है।

#### निलंबन की सिफारिश

इस घटना के बाद, वाड्रफनगर के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) श्याम किशोर जायसवाल ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने मनमोहन सिंह को अंतिम चेतावनी दी है। इसके साथ ही, उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और कलेक्टर को एक रिपोर्ट भेजी है, जिसमें उनके निलंबन की सिफारिश की गई है। आने वाले दिनों में उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग की पहली समीक्षा बैठक हुई

## अध्यक्ष शर्मा ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने नवा रायपुर स्थित खाद्य आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में खाद्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य में संचालित खाद्य सुरक्षा, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, फोर्टीफाईड चावल वितरण और राशन दुकानों की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ अंतिम हितग्राही तक पहुंचे।

रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और धमतरी में संचालित केन्द्रीय रसोई की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभागः आश्रमों और छात्रावासों में बीपीएल दर पर खाद्यान्न की आपूर्ति, भोजन की गुणवत्ता और छात्रावास संचालनकर्ताओं की समीक्षा की गई। सभी छात्रावासों में खाद्य आयोग से संबंधित जानकारी और कॉल सेंटर नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार और अस्पतालों में भोजन वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। मरीजों को मिलने वाले आहार की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में अध्यक्ष श्री शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों से शासन की नीतियों का लाभ अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने की बात कही।

बैठक में राजीव जायसवाल (सदस्य सचिव), राजेन्द्र महिलांग, कुलदीप शर्मा (सदस्य, खाद्य आयोग), एम. के. नायक (स्कूल शिक्षा), आशीष बंजारे (आदिम जाति विभाग), डी. एस. मरावी (महिला एवं बाल विकास), श्रीमती नीलम एल्मा (खाद्य विभाग), श्री अविनाश श्रॉफ (एनएचएम) व डॉ. सूरज दुबे (खाद्य विभाग) सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानसून ब्रेक की स्थिति के चलते धान फसल को गंगरेल से सिंचाई पानी की दरकार, ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**आरंग।** गंगरेल के कमांड क्षेत्र में बीते लगभग 10 दिनों से मानसून ब्रेक की स्थिति व खंडवृष्टि के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल को सिंचाई पानी की आवश्यकता महसूस होने के साथ - साथ गंगरेल से सिंचाई पानी छोड़ने की मांग भी शुरू हो चला है ।

दो - तीन दिनों के भीतर व्यापक बरसात न होने व खंडवृष्टि से वंचित कमांड क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई पानी की दरकार के मद्देनजर बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों ने बीते कल शुक्रवार को आहूत बैठक में गंगरेल से सिंचाई पानी छोड़ने की मांग का निर्णय ले रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपने अधिकृत किया था जिन्होंने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को मेल से ज्ञापन भेजने के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को मांग से अवगत करा दिया है ।

ज्ञातव्य हो कि बीते 8- 10 दिनों से मानसून ब्रेक की स्थिति बनी हुयी है । स्थानीय प्रभाव के चलते खंडवृष्टि ?के हालात है पर खंडवृष्टि से भी अछूता रहने वाले इलाकों के किसान खेती के लिये सिंचाई पानी की आवश्यकता महसूस करने लगे हैं । बरसात न होने की वजह से अब उनकी निगाहें गंगरेल बांध पर टिकी हैं । किसानों का कहना है कि दो - तीन दिनों के अंदर व्यापक अच्छी बारिश नहीं हुयी तो फिर सिंचाई हेतु बांध के पानी का ही सहारा बच रह जावेगा । इसी के मद्देनजर किसानों द्वारा ध्यानाकर्षण कराये जाने पर सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों की एक बैठक आहूत की गयी । बैठक में चिंता राम वर्मा , थानसिंह साहू , हिरेश चंद्राकर , मनमोहन गुप्ता , गोविंद चंद्राकर , भूपेंद्र शर्मा , प्रहलाद चंद्राकर , तुलाराम चंद्राकर , धनीराम साहू , भारतेन्दु साहू व योगेश चंद्राकर मौजूद रहे । बैठक में समग्र परिस्थितियों पर विचार कर व गंगरेल में जल भराव की स्थिति को देखते हुये सिंचाई पानी छोड़ने की मांग विभागीय मंत्री सहित संबंधित अधिकारियों से करने का निर्णय लिया गया । श्री शर्मा ने जानकारी दी है कि तिल्दा जल प्रबंध संभाग के अंतर्गत आने वाले उपसंभागों द्वारा भी गंगरेल से पानी देने की किसानों की मांग से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है ।

इधर कुरूद टैंक के लबालब होने के बाद अतिरिक्त पानी का नाले में जाने की ओर किसानों द्वारा ध्यानाकर्षण कराये जाने पर श्री शर्मा ने संबंधित कार्यपालन अभियंता सतीश धवन से किसानों की मांग पर पानी नहर में छुड़वाने का आग्रह किया था । कमांड एरिया में आने वाले ग्रामों के किसानों की मांग पर आज कुरुद टैंक से नहर में सिंचाई पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है ।

# स्टंटबाज वाहन चालकों पर अकुंश लगाना जरूरी

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** इन दिनो नगर में नाबालिग वाहन चालको की तेज रफ तार वाहन दौड़ाने की प्रवृत्ति से अनेक लोग चोटिल हो रहे है। लगभग सैकड़ो की संख्या में नाबालिग सुबह व देर रात मस्ती के मूड में दुपहिया वाहन तेज रफतार से दौड़ा रहे है । उक्त वाहन चालक रेल्वे स्टेशन से लेकर गोविन्द चौक , सदर बाजार , पंचायती मंदिर , जैन मन्दिर, महासती मंदिर के मुख्य मार्ग पर धमाचौकड़ी मचाते हुये अनेक लोगो को चोटिल कर चुके है। वही शहर के अन्य प्रमुख मार्गो में भी इस किस्म के वाहन चालक दो कदम आगे बढ़ते हुये मॉडिफाईड बुलेट चलाते हुये प्रशासन को कार्यवाही के लिए चुनौती दे रहे है । विशेष रू प से उक्त बुलेट बाईक चलाने वाले अपने बुलेट में तेज आवाज करने वाले प्रेशर हार्न के साथ साथ बदले हुये साईलेंसर की कर्कश आवाज से लोगो को परेशान कर रहे है । ऐसे वाहन चालको को पकड़ कर उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एकट के तहत जुर्माना के साथ साथ वाहन को जब्त करने तथा मॉडिफाईड साईलेंसर को निकालकर जब्त किये जाने की जरूरत है ताकि आम नागरिको को स्टंट बाज बाईक चालक के खतरनाक स्टंट से बचाया जा सके साथ ही अनावश्यक रूप सेध्वनि पदूषण से लोगो को राहत दिलाने की दिशा में पुलिस प्रशासन शीघ्र कठोर कदम उठावे इसके अलावा नगर में बड़ी तादाद मे नाबालिग विभिन्न किस्म के दुपहिया वाहन दौड़ा रहे है । साथ ही तीन से चार सवारी बिठाकर वाहन दौडाने वाले दुपहिया चालको के विरूद्व भी अलग अलग वार्ड गली मुहल्लो में भी चालानी कार्यवाही किये जाने की जरूरत है । वर्तमान में चौक चौराहे पर कार्यवाही की भनक लगते ही नाबालिग वाहन चालक तीन सवारी वाहन चालक व स्टंटबाज वाहन चालक किसी दुसरे रास्ते व गली से भाग खड़े हो रहे है । इसलिए गली मुहल्लो के मोड़ के स्थान केअलावा हटरी बाजार , गैरेज लाईन , गोविन्द चौक सदर बाजार के साथ साथ मंडी रोड में विशेष अभियान पुलिस को चलाना चाहिए ताकि याता यात नियमो को उलघन करने वाले पर अकुंश लगायय जा सके ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### न्यू कम्युनिटी हॉल में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कांकेर।** नगर के न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं निजी क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की गई। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम के जन्म दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार के तहत उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### चलित प्रयोगशाला ने पखांजूर-भानुप्रतापपुर के होटल-ढाबों से लिए सेम्पल

कांकेर। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में बने खाबो-बने रहिबो के तहत पंखाजूर एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र में भी विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलो का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लघंन पाये जाने जैसे- अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थो का उपयोग, पिलाये जाने वाले पानी की जांच, वेज-नान वेज का एक कण्टेनर में रख रखाव, खाद्य पदार्थो की अस्वच्छ हैंडलिंग इत्यादि के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई।

# दंतेश्वरी फाइटर्स बहनों का शौर्य अन्य बहनों के लिए अनुकरणीय : उप मुख्यमंत्री शर्मा

### उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री को 'दंतश्वरी फाइटर्स' आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने बांधा रक्षा सूत्र

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** सर्किट हाउस परिसर दंतेवाड़ा में आज रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष कार्यक्रम बेहद खास रहा। इस पावन पर्व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं वन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने सुबह 'दंतेश्वरी फाइटर' एवं आत्मसमर्पित माओवादी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का संदेश दिया। यह अनोखा आयोजन श्रद्धा, भाईचारे और विश्वास की मिसाल बना।

इस मौके पर मंत्री द्वय ने आज रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर, 'दंतेश्वरी फाइटर' एवं आत्मसमर्पित माओवादी बहनों से राखी बंधवाने के उपरांत कहा कि हम सब यहाँ एक ऐसे अद्भुत और प्रेरणादायी क्षण के साक्षी हैं, जहाँ हमारी बहनों ने नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर विकास की मुख्यधारा का मार्ग अपनाया है ये वही बहनें हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों और संघर्षों को पार करते हुए, समाज में सम्मान और शांति के साथ जीवन यापन का संकल्प लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि आज, इन बहनों ने हमारे अलावा यहां उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सचिव, कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर यह विश्वास जताया है कि भाई-बहन का यह बंधन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि सुरक्षा, स्नेह और सम्मान का वचन है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने यहां भी कहा कि जो भी बहनें



आज भी भटकाव के उस रास्ते पर हैं, यदि वे मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लेंगी, तो पूरा समाज उन्हें खुले हृदय से अपनाएगा। हम उन्हें बहन का स्थान देंगे, उनकी सुरक्षा और सम्मान की पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे, और उनके जीवन यापन के लिए हर संभव सहायता करेंगे। रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, अपनापन और एक-दूसरे की सुरक्षा का संकल्प है। आज इन बहनों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है। सरकार इन बहनों और बस्तर के हर नागरिक के जीवन में शांति, सम्मान और समृद्धि लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री और जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों सर्किट हाउस परिसर में पौधरोपण भी किया। साथ ही उनके द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना भी किया गया।

इस मौके पर विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी.,डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**दंतेवाड़ा।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी जी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री भीम सिंह, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज श्री सुंदरराज पी.,डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# बने खाबो –बने रहिबो अभियान, जांच के लिए भेजे गए 15 नमूने

**कोंडागांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 'बने खाबो बने रहिबो' नाम से चलाये जा रहे अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला कोण्डागांव द्वारा अभियान के तीसरे दिन कोण्डागांव के मिष्ठान भण्डार, होटलों और स्ट्रीट फूड वेडर्स की जांच की गई।

स्ट्रीट फूड वेडर्स को जागरूक करने हेड कव्हर वितरीत किया गया और होटल संचालकों को अपने खाद्य परिसर में न्यूज पेपर का उपयोग नहीं करने के संबंध में डिस्प्ले लगवाया गया। इसके साथ ही प्रेम स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट, कोण्डागांव से बर्फी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार पटेल होटल, शामपुर से जांच हेतु गुलाब जामुन और बालूशाही का नमूना, राधे बीकानेर स्वीट्स से मावा और नमकीन मिक्चर का नमूना तथा अन्ना मिक्चर से भी नमकीन मिक्चर का नमूना लेकर इन्हें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला-कोण्डागांव द्वारा, ÷बने खाबो बने रहियो÷ जागरूकता अभियान के तहत कुल पंद्रह नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गए हैं तथा मिष्ठान भण्डार, होटलों और स्ट्रीट फूड वेडर्स को खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम



2006 की जानकारी देकर, साफ सफाई, स्वच्छता, अखबारी कागज के उपयोग को हतोत्साहित कर, तेल को बार बार गर्म कर उपयोग करने को हतोत्साहित कर, खाद्य सामाग्रियों के उचित रख रखाव, फूड हैंडलर्स की स्वच्छता का महत्व, वर्षा ऋतु में ध्यान देने वाली विशेष सावधानियों आदि के बारे में जानकारी देकर, हेड कव्हर वितरित कर जागरूक करने का प्रयास किया गया और इनका पालन करने के लिए निर्देशित किया गया।

# ग्राम गोड़मा में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत ली गई स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**कोण्डागांव।** विकासखंड फरसगांव के अंतर्गत ग्राम गोड़मा में ÷हर घर तिरंगा÷ राष्ट्रीय अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोण्डागांव द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण का अहम स्तम्भ माना गया है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट किया, बल्कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से शपथ भी ली।



कार्यक्रम के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद ग्रामवासियों ने इन मुद्दों पर अमल करने तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामवासियों द्वारा पंचायत भवन, विद्यालय परिसर एवं ओवरहेड टैंक क्षेत्र की सफाई की गई। साथ ही, इन स्थानों पर वृक्षारोपण कर स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सरस्वती पोयाम ने कहा कि स्वच्छ और सुजल गांव ही समृद्ध और स्वस्थ भविष्य की नींव रखते हैं। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने गांव को न केवल स्वच्छ रखें, बल्कि पर्यावरण और जल स्रोतों की भी रक्षा करें। इस अवसर पर जल जीवन मिशन कोण्डागांव की टीम से सुहानी बक्शी, हेमलता यादव, मितलेश साहू, श्यामलाल कोर्राम एवं स्वच्छ भारत मिशन से सुधीर बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# दलीप ट्रॉफी की 5 टीमें घोषित, जानें पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली।** भारतीय घरेलू क्रिकेट के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से बेंगलुरु में हो रहा है। टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल मैच 11 से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सेलेंस, बेंगलुरु में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में साउथ जोन, सेंट्रल जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, नॉर्थ जोन और नॉर्थईस्ट जोन के रूप में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। फिलहाल नॉर्थ ईस्ट जोन टीम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है।

28 अगस्त से 31 अगस्त तक नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मैच खेला जाएगा। इन दोनों मैचों में जीत दर्ज करने वाली टीमें 4 से 8 सितंबर के बीच वेस्ट जोन और साउथ जोन से भिड़ेंगी। फाइनल 11 से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। हिस्सा ले रही 6 में से पांच टीमों की घोषणा कर दी गई है। भारत के लंबे घरेलू टेस्ट सीजन से पहले तैयारी के तौर पर खेला जाने वाला दलीप ट्रॉफी पिछले साल चार टीमों के बजाय अपने पुराने क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगा। यानी इस




बार टूर्नामेंट पुराने इंटर जोनल फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। दलीप ट्रॉफी के पिछले सीजन कोई नॉकआउट मैच नहीं खेले गए थे। लेकिन मौजूदा सीजन टूर्नामेंट की शुरुआत नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन और सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबलों से होगी, जबकि 2023 की आखिरी जोनल सीजन के फाइनलिस्ट साउथ जोन और वेस्ट जोन ने सीधे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। तिलक वर्मा (कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन, तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीशन, टी विजय, आर साई किशोर, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैशाख, एमडी निदीश, रिकी भुई, बेसिल एनपी, गुरजपनीत सिंह और स्नेहल कौठनकर।

# रोहित शर्मा 2027 वनडे वर्ल्ड कप में करेंगे भारत की कप्तानी, आईसीसी ने दिया बड़ा हिंट

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने टी20 और टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। जिसके बाद अब वह सिर्फ वनडे क्रिकेट में भारत के लिए खेलते हुए दिखेंगे। इतना ही नहीं रोहित अभी वर्ल्ड कप के कप्तान भी हैं। फैंस को उम्मीद है कि रोहित वनडे वर्ल्ड कप 2027 तक कप्तानी कर सकते हैं। वहीं अब फैंस को उम्मीदों को बल आईसीसी के एक पोस्टर ने भी दे दिया है।

दरअसल, 2026 में भारतीय टीम लिमिटेड ओवर की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज को लेकर आईसीसी ने एक पोस्टर जारी किया है। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और भारत के मौजूदा वनडे कप्तान रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर ने फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अगर रोहित 2026 में टीम की कप्तानी करेंगे तो क्या वह 2027 वर्ल्ड कप तक वनडे कप्तान बने रह सकते हैं?

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में जीत के बाद रोहित ने इस फॉर्मेट को टाटा कर दिया था। अब उनका पूरा फोकस वनडे पर है। भारत के मुख्य




कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में जोर देकर कहा था कि 2027 के लिए योजना बनाना अभी जल्दबाजी होगी। इंग्लैंड सीरीज से पहले गंभीर ने कहा कि, उससे पहले अभी टी20 वर्ल्ड कप बाकी है। वह भी एक टूर्नामेंट है, जो फरवरी-मार्च में भारत में होने वाला है। इसलिए इस समय पूरा फोकस है। इंग्लैंड सीरीज के बाद टी20 वर्ल्ड कप पर फोकस रहेगा। नवंबर-दिसंबर 2027 में होने वाले वर्ल्ड कप में अभी भी ढाई साल का समय है। गंभीर ने आगे कहा कि, अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते रहें, तो उम्र बस एक नंबर है।

### एशिया कप 2025 : टीम इंडिया में किसे मिलेगा विकेटकीपिंग का जिम्मा. संजू सैमसन को नहीं कर सकते नजरअंदाज

एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब केवल 33 दिन शेष हैं और बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती 15 सदस्यीय टीम का चयन करना है। इस टूर्नामेंट को लेकर क्रिकेट फैंस में जकर उत्साह है और ऐसे में वे स्क्वॉड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सिलेक्टर्स के सामने विशेष रूप से विकेटकीपर बल्लेबाज के चयन को लेकर असमंजस की स्थितित बनी हुई है। हालांकि, इसमें एक खिलाड़ी का नाम सबसे ऊपर आता नजर आ रहा है। भारत के पास इस समय विकेटकीपर बल्लेबाजों की कोई कमी नहीं है। केएल राहुल, ऋषभ पंत और संजू सैमसन ये तीनों खिलाड़ी ही इस स्थान के दावेदार हैं। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया किसे प्राथमिकता देती है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हेड कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद संजू सैमसन माने जा रहे हैं।

### इस स्वतंत्रता दिवस ज़ी सिनेमा लाया है जज़्बे से भरी कहानियों का प्रीमियर, 'आज़ादी एक्सप्रेस' के साथ - देखिए जाट, द साबरमती रिपोर्ट और द केरल स्टोरी लगातार

**मुंबई।** इस स्वतंत्रता दिवस, ज़ी सिनेमा लेकर आ रहा है तीन ऐसी कहानियां, जो सच्चाई, हिम्मत और जज़्बे से भरी हैं। ये तीनों प्रीमियर सुबह 10 बजे से एक के बाद एक लगातार दिखाए जाएंगे। सबसे पहले बात करते हैं 'जाट' की, जिसका वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर दोपहर 12¬30 बजे होगा। इसमें सनी देओल 'गदर 2' की बड़ी कामयाबी के बाद



एक और दमदार रोल में लौटे हैं। इस फिल्म में सनी एक फौजी का किरदार निभा रहे हैं, जो लोगों की मदद के लिए ज़ुल्म के ख़िलाफ डटकर खड़े होते हैं और अपनी जान की परवाह किए बिना सबकी हिफ़ाज़त करते हैं। इसके साथ ही लाइनअप में है 'द साबरमती रिपोर्ट' - सच की तलाश करने वाली एक बेहद दिलचस्प थ्रिलर जो सुबह 10 बजे शुरू होगी और फिर शाम 3¬30 बजे आएगी 'द केरल स्टोरी' ङ्क एक दिल झकझोर देने वाली कहानी, जो आपको सोचने पर मजबूर कर देती है। देश की मिट्टी से जुड़ी ये तीनों कहानियां, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान के सच्चे जज़्बे को दर्शाती हैं। सनी देओल की दमदार 'ढाई किलो का हाथ' वाली परफॉर्मेंस देखने के लिए तैयार हो जाइए दोपहर 12¬30 बजे, फ़िल्म 'जाट' में। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है बल्कि ये उस इंसान की कहानी है जो दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान खतरे में डाल देता है। सनी का किरदार सच्चा, निडर और मदद करने वाला है जो बड़ी से बड़ी मुश्किल से टकराता है ताकि देशवासियों की हिफ़ाज़त कर सके।

### निहारिका रॉय निभाएंगी एण्डटीवी के सुपरनैचुरल कॉमेडी शो 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार!

**मुंबई।** एण्डटीवी शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों को भावनाओं, हंसी और डरावने सरप्राइज से भरी एक मज़ेदार रोलरकोस्टर राइड पर ले जाने के लिए तैयार है। इस अनोखी और ताज़गी भरी कहानी में चार चांद लगाने आ रही हैं जोशीली और प्रतिभाशाली अभिनेत्री निहारिका रॉय। इस शो में वह 'सावी' का किरदार निभाती नजर आएंगी। सावी एक जेन-ज़ी लड़की है- जो निडर, आत्मविश्वास से भरपूर और फैशन में सबसे आगे इस अनोखे लव ट्राएंगल में 'घरवाली' के रूप में सावी की एंट्री कई दिलचस्प मोड़ लाने वाली है। अपने स्टाइलिश



एटीट्यूड और दिलकश अंदाज़ के साथ, निहारिका दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ने को पूरी तरह तैयार हैं। 'सावी' के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए निहारिका रॉय ने कहा, ''सावी सिर्फ़ एक किरदार नहीं है, वह एक पूरी वाइब है। वह आज की आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और निडर लड़कियों का प्रतिनिधित्व करती है, जो अपनी ज़िंदगी की कमान खुद संभालना जानती हैं। मुझे उसका बेझिझक बोलना, बिंदास अंदाज़ और अपनी बात बेबाक़ी से रखने वाला स्वभाव बहुत पसंद है। वह टीवी पर दिखाए जाने वाले पारंपरिक महिला किरदारों से बिल्कुल अलग है। उसकी सबसे खास बात है उसका आधुनिक नजरिया, भावनात्मक मैच्योरिटी, और साथ ही छोटे शहर की एक हल्की-सी मासूम सी झलक। मुझे भी असल ज़िंदगी में मस्ती भरी नोंक-झोंक और अचानक की गई शरारतें पसंद हैं, इसलिए सावी का किरदार निभाना मेरे लिए काफी नैचुरल है।

# गौरव गुप्ता ने चिवास लक्स कलेक्टिव परफ्यूम्स के साथ पार्टनरशिप में अपना ब्राइडल कुत्योर कलेक्शन 'क्वांटम एंटैंगलमेंट' पेश किया

**मुंबई।** इंटरनेशनल स्तर पर पहचाने जाने वाले कुत्योर डिजाइनर गौरव गुप्ता ने 8 अगस्त 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में अपना इंडियन कुत्योर 2025 कलेक्शन ÷क्वांटम एंटैंगलमेंट÷ पेश किया। यह उनकी ब्राइडल कुत्योर लाइन का ऐतिहासिक डेब्यू था, जिसे शादी के वचन लेने के पवित्र पल के लिए तैयार किया गया। इसे मॉडर्न इंडियन वेडिंग के लिए एक इमर्सिव एक्सपीरियंस के रूप में डिजाइन किया गया था। यह एक्सपीरियंस 500 से ज्यादा मेहमानों को एक इमोशनल जर्नी पर ले गया, जिसमें तीन जुड़े हुए स्पेस थे, जिसमें एक ही शाम में थिएट्रिकल फैशन स्टोरीटेलिंग के रूप में कॉकटेल ऑवर से सात वचनों तक और फिर रिसेप्शन तक की शादी से जुड़े हर रिवाज को गहराई से प्रस्तुत किया गया। क्वांटम एंटैंगलमेंट÷ नामक यह कलेक्शन उस थ्योरी से प्रेरित था कि



दो पार्टिकल्स हमेशा के लिए जुड़े रहते हैं, जो भारतीय शादी की रस्मों की इमोशनल सिंक्रोनिसिटी को दर्शाता है। चिवास लक्स कलेक्टिव परफ्यूम्स के साथ मिलकर, गुप्ता ने इसे कुत्योर में मिरर किए हुए सिल्हूट, डुअल-टोन पेयरिंग और साथ मिलकर संजोई गई यादों की गूंज वाली कढ़ाई के जरिए प्रस्तुत किया। शो की शुरुआत गुप्ता के सिग्नेचर कॉकटेल और रिसेप्शन एंसेंबल्स से हुई, जिसे वे लगभग दो दशकों से ऊँचाई दे रहे हैं। यह कोई रेट्रोस्पेक्टिव नहीं था, बल्कि उनके वर्षों में निखारे गए कोड्स का विजनरी एक्सपैंशन था। साड़ी गाउन, स्कल्प्टेड लहंगे और आर्ट नोव्यू आर्किटेक्चर व ग्लेशियल प्लेन्स से प्रेरित इंजीनियर्ड गाउन सिर्फ सेलिब्रेशन के लिए नहीं, बल्कि सेरेमोनियल स्टेटमेंट्स के रूप में बनाए गए थे। कलर पैलेट सॉफ्ट ब्लश और शैंपेन गोल्ड से शुरू होकर ग्रेफाइट, ऑब्सीडियन ब्लैक और हाउस के सिग्नेचर इलेक्ट्रिक ब्लू तक गया। हर रंग को इमोशनल कनेक्शन के लिए चुना गया। गारमेंट्स को रैडिकल प्रिसिजन के साथ बनाया गया था। बनारस में 200 दिनों तक हाथ से बुने ब्रोकेड्स पर क्रिस्टल वेब, हैंड-कट फ्लोरल्स, गिल्टेड ज़री और एंटीक जूलरी-प्रेरित डिटेलिंग की कढ़ाई की गई। फ्रांस के शैंटिली में तैयार किया गया लेस फ्यूचरिस्टिक फॉर्म में री-इमैजिन किया गया। सेमी-प्रेशियस स्टोन्स, मदर-ऑफ-पर्ल इनले और बुने हुए टेक्सचर्स को विरासत की तरह जोड़ा गया।

# अदाणी समूह ने पुंछ में भारतीय सेना के पाइनवुड स्कूल के लिए बनवाया आधुनिक ऑडिटोरियम

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने भारतीय सेना के साथ मिलकर कश्मीर में एलएसी के नजदीक बच्चों की शिक्षा को लेकर बड़ी पहल की है। अदाणी समूह की



कंपनी अदाणी डिफेंस औरसीएसआर शाखा अदाणी फाउंडेशन कीपहल के तहत पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित हमीरपुर के पाइनवुड स्कूल में एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और चारदीवारी का निर्माण करने में सहयोग दिया है। चारदीवार इस संवेदनशील सीमा क्षेत्र में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी औरऑडिटोरियम पढ़ाई से इतर सीखने-समझने और समग्र विकास के लिए एक मौकाकरेगा। जम्मू और कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट सेक्टर में भारतीय सेना की बीजी ब्रिगेड हमीरपुर बटालियन द्वारा संचालित पाइनवुड स्कूल, वर्षों से इस दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।भारतीय सेना ने स्कूल की शुरुआत 1995 में'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत 35 बच्चों के साथ की थी। वर्तमान में इस स्कूल में प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक के 400 बच्चे पढ़ते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खनिज विभाग ने खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर दिया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय सभाकक्ष में खनिज विभाग द्वारा ÷खनिज ऑनलाइन 2.0÷ पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलरामपुर और जशपुर जिलों से आए खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक, एफ्एमएस, खनि रियायतधारी एवं स्टॉकहोल्डर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के तकनीकी फीचर्स, उपयोग की प्रक्रिया, पारदर्शिता, इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और हितग्राहियों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खनिज ऑनलाइन 2.0 प्रोजेक्ट के प्रबंधक श्री रूपरंजन ने बताया कि यह पोर्टल विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खान एवं खनिज संसाधनों के समग्र प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया गया है, जिससे हितग्राही सीधे लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से खनिज अधिकारी श्रीमती त्रिवेणी देवांगन, श्री भूषण पटेल, श्री दयानन्द तिग्गा, श्री अजय रंजन दास, श्री विवेक साहू, खनि निरीक्षक श्रीमती नेहा टंडन, आदित्य मानकर, गोपी किशन दिवान सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### बाइक चोरी करने वाला आरोपी सहित दो नाबालिग चोर गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**सक्ती।** थाना सक्ती पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी विरेन्द्र महंत सहित दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीन चोरी की मोटर सायकल बरामद की है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 90,000 रुपये है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मनीष तेंदुलकर निवासी सेंदुरी, थाना जैजैपुर ने दिनांक 3 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने मोटर सायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर (छ्त्र 11 छ्स्र 6692) को सक्ती के स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास खड़ा कर परीक्षा दिलाने गया था। दोपहर 1:30 बजे लौटने पर उसने देखा कि मोटर सायकल चोरी हो चुकी थी। थाना सक्ती पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्परता से जांच प्रारंभ की गई। सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच कर संदेह के आधार पर परसदाखुर्द निवासी विरेन्द्र महंत (33 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल करते हुए बताया कि उसने दो विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर उक्त बाइक चोरी की थी। साथ ही, एक माह पूर्व बुधवारी बाजार, सक्ती से दो अन्य मोटर सायकल भी चोरी कर रेस्ट हाउस के पास छुपा कर रखी थी। पुलिस ने तीनों मोटर सायकलों को बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपी विरेंद्र महंत के विरुद्ध धारा 303(2), 3(5) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# मंत्री देवांगन को 10 हज़ार से अधिक बहनों ने बांधी स्नेह की डोर



### मंत्री बोले-बहनों का विश्वास और स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी ताकत

समवेत शिखर संवाददाता

**कोरबा।** राखी इस बार कुछ खास रहा। जब स्थानीय विधायक और, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री ने हज़ारों बहनों के साथ भाईचारे का यह पावन पर्व मनाया। सुबह 11 बजे से ही पंचवटी के समीप शासकीय आवास बहनों के प्रेम और उत्साह से परिपूर्ण रहा। मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सभी बहनों से आत्मीयता के साथ कलाई में राखी बंधवाई। शहर की बहनों ने मंत्री श्री देवांगन को तिलक लगाकर राखी बाँधी।

इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आज राखी के पावन पर्व पर बहनों और कोरबा समेत जिले के अलग अलग जगहों से आई 'लाड़ली बहनों' से राखी बंधवाकर सेवा, समर्पण और विश्वास के इस पावन बंधन को और भी प्रगाढ़ किया। यह केवल एक रक्षासूत्र नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है। मंत्री श्री देवांगन ने बहनों के स्नेह का आशीर्वाद स्वीकार करते हुए उनके सुख-दुख में सदैव साथ निभाने का संकल्प लिया। श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा विधानसभा मेरा परिवार है। विष्णु देव सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये 'महतारी वंदन योजना ' के माध्यम से प्रति माह एक हज़ार रूपए मिल रहे है।मंत्री देवांगन हर बहन को मुस्कुराकर प्रणाम कर रहे थे, बच्चों को दुलार रहे थे और बुजुर्ग माताओं के पैर छूकर आशीर्वाद ले रहे थे। मंत्री की कलाई पर सैकड़ों रंग-बिरंगी राखियाँ लिपट चुकी थीं,हर धागे में आशीर्वाद, हर रंग में विश्वास और हर मुस्कान में भाई-बहन के अटूट बंधन दिखाई पड़ रहा था। इस बीच जब मिडिया द्वारा पूछा गया कि कोरबा की इतनी सारी बहनों का रक्षा सूत्र और प्यार कैसा लगा तो वे मुस्कुराए और बोले, ÷ ये तो मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। बहनों का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं उनके सम्मान और सुरक्षा के लिए हर पल समर्पित हूँ।÷ पूरे कार्यक्रम के दौरान बहनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और हर बहन तक मिठाई और भेंट दी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, गोपाल मोदी, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, श्रीमती वैशाली रत्नपारखी, श्री योगेश मिश्रा, सहित आमजन उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक शाखा शंकरगढ़ में मैनेजर के साथ मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की शाखा मे लोन की जानकारी लेने आए एक शख्स ने शाखा प्रबंधक विजय यादव के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है।



यह घटना बीते गुरुवार, 7 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 1:30 बजे की है। शाखा प्रबंधक विजय यादव (56 वर्ष) ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि आरोपी संतोष कुमार यादव (45 वर्ष, निवासी नवापारा, शंकरगढ़) बैंक आया और अपने लोन के बारे में पूछताछ करने लगा। जब विजय यादव उसे लोन से जुड़ी प्रक्रिया समझा रहे थे, तो संतोष ने कहा कि उसे लोन के बारे में कुछ नहीं जानना और अपने खाते का हिसाब तथा पैसे वापस करने की मांग करने लगा।

शिकायत के अनुसार, इसी दौरान संतोष कुमार ने विजय यादव को जान से मारने की धमकी दी और मां-बहन की गालियां देते हुए उनके चेहरे पर हाथ से मारा, जिससे उनका चश्मा गिर गया। बैंक में मौजूद अन्य स्टाफ सदस्यों, जिनमें संतोष कुमार, भूपेंद्र दुबे और प्रभाकर शामिल थे, ने बीच-बचाव किया। इसके बावजूद, आरोपी ने बैंक से बाहर जाते समय भी विजय यादव को देख लेने और जान से मारने की धमकी दी।

इस घटना से विजय यादव काफी भयभीत हो गए, जिसके कारण वह अपना शासकीय कार्य भी नहीं कर पाए। उनकी लिखित शिकायत के आधार पर थाना शंकरगढ़ में अपराध क्रमांक 106/2025 के तहत भारतीय न्याय सुरक्षा की धारा 296, 351(2), 115(2), 132 और 221 के तहत मामला दर्ज किया गया।

शंकरगढ़ पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना वाले दिन ही आरोपी संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार, 8 अगस्त 2025 को उसे न्यायिक रिमांड के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# पुलिस अधीक्षक अचानक पहुंचे थाना मुलमुला क्षेत्र के ग्राम कोसा गांव

### गांव के सभी समाज के लोगों से राखी बंधवाई, सामाजिक समरता का दिया स्पष्ट संदेश

### पुलिस अधीक्षक द्वारा गांव के लोगों एवं बच्चों को मिठाई बांटकर रक्षा बंधन की शुभकामनाएं भी दी गई

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** जिले के थाना मुलमुला क्षेत्र के ग्राम कोसा जहां छोटे छोटे बातों को लेकर लोगों द्वारा अक्सर वाद विवाद होते है, कुछ दिन पहले थाना प्रभारी मुलमुला द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के बैठक ली गई थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने को दृष्टिगत रखते हुए रक्षा बंधन के पावन अवसर पर अचानक पुलिस अधीक्षक ग्राम कोसा पहुंचकर सभी समाज के लोगों से हाथो में रखी बंधवाकर रक्षा बंधन पर्व मनाया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सामाजिक समरता का संदेश देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के दिन बहनें, भाई की कलाई पर स्नेह और प्रेम का सूत्र बांधती हैं और साथ ही उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इसके बदले में भाई उन्हें रक्षा का वचन देते हैं। भारत में राखी के पवित्र पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसे रिश्तों में मिठास, विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला पर्व माना गया है।

# अग्रणी बैंक ने किया ई-केवाईसी शिविर का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** भारतीय स्टेट बैंक तथा अग्रणी बैंक द्वारा सक्ती जिले के नन्दौर खुर्द ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे भारतीय स्टेट बैंक सक्ती, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सक्ती, पंजाब नेशनल बैंक सक्ती, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सक्ती ने भाग लिया।



भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशों के अनुसार, 01 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरु किया गया है। जिसमे जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकों द्वारा जिले के सभी 321 ग्राम पंचायतों में कैंप कर आयोजन किया जा रहा है। कैंप में जनधन एवं सभी निष्क्रिय खातों में केवायसी, जनधन खाता खोलना, सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई, जेजेबीवाई) अटल पेंशन योजना का कार्य किया जाना है। गौरतलब है कि वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक खाते का पुनः केवाईसी समय-समय पर किया जाता है जिससे खाताधारक सुचारु रूप से अपने खाते का संचालन जारी रख सकें।

भारतीय रिज़र्व बैंक, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक मनीष पाराशर एवं सहायक महाप्रबंधक दीपेश तिवारी ने इस शिविर का दौरा किया और अभियान के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर वित्तीय समावेशन के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

शिविर में भारतीय रिज़र्व बैंक, एकीकृत ऑम्ब्ड्स्मैन योजना 2021, निष्क्रिय खाते, डिजिटल धोखाधड़ी, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं शासकीय ऋण योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। अग्रणी शाखा प्रबन्धक से प्राप्त सूचना के अनुसार इस शिविर के दौरान 175 जनधन खातों की पुनः केवाईसी की गई साथ ही 28 नए जनधन खाते, 35 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, 20 जीवन ज्योति बीमा योजना, 12 अटल पेंशन योजना खाते खोले गए। अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार वर्मा ने क्षेत्र के सभी जनधन खाता धारियों से अपने निष्क्रिय खातों का पुनः केवाईसी कराने का अपील करते हुए आभार व्यक्त किया। शिविर में जनपद पंचायत सक्ती सीईओ श्रीमती प्रीति पवार, अग्रणी बैंक कार्यालय प्रबंधक मनोज कुमार वर्मा, भारतीय स्टेट बैंक के आर.एम आदर्श श्रीवास्तव, पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हेड दिव्यरंजन नायक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के आर. एम आशीष कुमार सिंह, भारतीय स्टेट बैंक सक्ती के मुख्य शाखा प्रबंधक रॉकी गोयल एवं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं स्टाफउपस्थित थे।

# बिर्रा में मनाया जाएगा विशाल भोजली महोत्सव आज

### वर्ष सर्वश्रेष्ठ भोजली पर विशेष आकर्षण पुरस्कार

समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर/बिर्रा।** रक्षाबंधन के द्वितीय दिवस भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक पर्व भोजली का त्यौहार 10 अगस्त को बिर्रा भोजली महोत्सव के इतिहास में इस बार भोजली प्रतियोगिता-2025 में विशेष आकर्षण पुरस्कार की राशि ग्राम पंचायत बिर्रा व व्यापारी बंधुओं द्वारा रखी गई है। हर घर भोजली पर्व हेतु गेहूं का वितरण किया गया है जिसे माताएं बहनें बड़े ही उत्साह और श्रद्धा भक्ति से सेवा कर रहें हैं।



सर्वश्रेष्ठ भोजली पर पुरस्कार स्वरूप प्रथम पुरस्कार 5001रु. दीपक लोहा दुकान के प्रो.बिसाहू राम देवांगन जी द्वारा,द्वितीय पुरस्कार 4501रु.देव पब्लिक स्कूल बसंतपुर (बिर्रा) के संचालक दिनेश चंद्रा जी द्वारा,तृतीय पुरस्कार 4001रु. गणेश किराना स्टोर्स के प्रो.रेशम देवांगन जी द्वारा,चतुर्थ पुरस्कार 3501रु. प्रकाश बर्तन भंडार के प्रो.प्रकाश देवांगन जी द्वारा,पंचम पुरस्कार 3001रु. नरेश वस्त्रालय बिर्रा के प्रो.लखनलाल देवांगन जी द्वारा,षष्ठम पुरस्कार 2501रु. तोमेश चश्मा घर के प्रो.तोमेश देवांगन जी द्वारा,सप्तम पुरस्कार 2301रु. विमला चौहान पंच जी के द्वारा,अष्टम पुरस्कार 2101रु निषाद होटल छोटेलाल केंवट पंच जी द्वारा,नवम पुरस्कार 2001रु. महाकाल ट्रेडर्स बिर्रा के द्वारा,दशम पुरस्कार 1701रु. विमला गोपाल कश्यप उपसरपंच के द्वारा, एकादश पुरस्कार 1501रु. कुंजीलाल देवांगन बिर्रा के द्वारा द्वादश 1300 रू छतबाई कर्ष पंच,त्रयोदस 1001 रू रोहित पटेल सचिव, चतुर्दश 700 रू भानू पटेल फ्ल भंडार,पंचदस 601 रू राजेश्वरी कमला कटकवार पंच और षष्टदस पुरस्कार 501 रू मोहन स्टूडियो बिर्रा द्वारा अन्य 50 चयनित भोजली को ग्राम पंचायत बिर्रा द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।उक्त पुरस्कारों में थवाईत डेलीनिड्स एवं शुभम किराना स्टोर्स की ओर से गिफ्ट प्रदान किया जाएगा तथा एकांश पटेल पंच वार्ड क्रमांक 09 एवं अध्यक्ष निर्माण एवं विकास कार्य समिति ग्राम पंचायत बिर्रा के द्वारा शिल्ड (मोमेंटो) प्रदान किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम में गाजे बाजे के साथ बिर्रा भाटापारा बस स्टैंड चौक कहार मुहल्ला संजयनगर ठाकूरदेव मुहल्ले से सभी माताएं बहनें ग्राम भ्रमण करते हुए राजमहल पहुंचेगी जहां पूजा अर्चना कर घनवासागर में विसर्जित किया जाएगा। चयनित विजयी भोजली प्रतिभागियों को दाऊबाबा चौरा में एक मंच से पुरस्कृत किया जाएगा। भोजली महोत्सव को लेकर लालबाबा जी,विजय बहादुर सिंह,राहूल बाबा,छोटू बाबा, चेतन बाबा, सरपंच श्रीमती पिलीबाई एकादशिया साहू सहित पुलिस थाना प्रभारी,पंचगण व स्टाफ तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# तीन लाख की फिरौती के लिए अपहरण, दो आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**अंबिकापुर।** रामानुजगंज जिले की बसंतपुर पुलिस ने एक अपहरण और फिरौती के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर अपहृत युवक को सकुशल छुड़ाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी देकर उसके भाई से 3 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी।



पुलिस के अनुसार, बसंतपुर थाना क्षेत्र के रजखेता गाँव के रहने वाले बृजेश सिंह ने 8 अगस्त, 2025 को बसंतपुर थाने में अपने भाई विजय मरकाम के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। बृजेश ने बताया कि 7 अगस्त को उसके भाई के मोबाइल से उसे एक फोन आया था। फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने 3 लाख रुपये की मांग करते हुए कहा कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो विजय को जान से मार दिया जाएगा। 8 अगस्त को भी अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके फिरौती की मांग दोहराई।

शिकायत मिलते ही बसंतपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अपहृत विजय मरकाम के मोबाइल लोकेशन को ट्रैक करना शुरू किया, जिसकी मदद से पुलिस को बीजपुर, उत्तर प्रदेश में टावर लोकेशन मिली।

मोबाइल लोकेशन के आधार पर बसंतपुर पुलिस की एक टीम तुरंत बीजपुर रवाना हुई। पुलिस ने बीजपुर में टावर के पैनल रूम से विजय मरकाम को बरामद कर लिया। पूछताछ में विजय ने बताया कि 6 अगस्त को आरोपी सद्दाम अंसारी और रोहित कुमार चौरसिया उसे प्रेम नगर चौक पर मिले थे। आरोपियों ने लकड़ी देखने के बहाने उसे अपनी कार में बिठा लिया और जबरन बीजपुर ले गए। वहाँ पहुँचकर वे उसे अपनी स्विफ्ट डिजायर कार (P 64 BB 0342) में घुमाते रहे और उसी के मोबाइल से उसके भाई को फोन करके फिरौती मांगने लगे। आरोपियों ने विजय पर लकड़ी तस्करी की मुखबिरी का आरोप लगाया और कहा कि इसी कारण उन्हें नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए उन्हें 3 लाख रुपये चाहिए।

अपहृत विजय मरकाम के बयान के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों, सद्दाम अंसारी (34) और रोहित कुमार चौरसिया (26), दोनों निवासी बीजपुर, उत्तर प्रदेश को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और रोहित चौरसिया की स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त कर ली है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी, चौकी प्रभारी वाड्रफ्नगर धीरेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक पंकज पार्ते, आरक्षक अनिल पंडवार और विवेक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रक्षाबंधन उत्सव पर स्कूली छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी



समवेत शिखर संवाददाता

**सूरजपुर।** रक्षाबंधन का पर्व सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों का जीवंत उत्सव है। इसी भावना को साधुराम विद्या मंदिर स्कूल सूरजपुर की छात्राओं ने साकार किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा बहनों ने पुलिस अधिकारियों को साखी बांधकर यह एहसास कराया कि हम अपनों से दूर नहीं है।

एसआरव्हीएम के स्कूली छात्राएं थाना सूरजपुर पहुंची और थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने राखी बांधने के साथ ही आरती उतारी और तिलक कर अधिकारियों के प्रति आदर भाव प्रकट किया। उन्होंने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की। इस दौरान थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने नन्हीं बहनों को कहा कि हम आपकी सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है, आपको कभी भी कोई भी समस्या हो तो हमें याद कर सूचित करें हम फौरन वहां पहुंचेंगे, आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए थाना का भ्रमण कराया और सुरक्षा उपकरणों, ऑनलाईन एफ्आईआर, शस्त्रागार एवं वायरलेस सेट आपरेट करने के बारे में जानकारी दी।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि छात्राएं केवल शिक्षा नहीं, संस्कारों और सामाजिक कर्तव्यों से भी परिपूर्ण हैं। आज पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर प्रेम, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक प्रस्तुत किया है, हम सभी यह एहसास कराया है कि हम अपनों से दूर नहीं है। इस विशेष आयोजन ने यह साबित किया कि जब शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलते हैं, तो हमारी बहने/छात्राएं न केवल ज्ञानवान बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी बनती हैं। इस अनोखे आयोजन से पुलिस और आम नागरिकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा मिला है।

जिलेभर में पुलिस की कलाई पर बंधी राखी।* शुक्रवार के जिले के सभी थाना-चौकी के पुलिस अधिकारी व जवानों की कलाईयों में विभिन्न संगठनों, संस्था से जुड़े महिलाओं, स्कूली छात्राएं/बहनों के द्वारा राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हम महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को अपने सपनों को पूरा करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।